दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। शुक्रवार 21 फरवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 63 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3






दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। शुक्रवार 21 फरवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 63 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




## उप्र बजट 2025-2026 : युवाओं, महिलाओं, किसानों और मिडिल क्लास पर रहा फोकस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपये का बजट पेश किया है, जो वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है।

इस बजट में प्रदेश की योगी सरकार ने प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान योजना के संचालन केल लिए 600 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की है।



इसके तहत रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के अन्तर्गत कॉलेज जाने वाली मेधावी छात्राओं को स्कूटी प्रदान किये जाने के लिए 400 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत 100 करोड़ रुपये की धनराशि प्रस्तावित है। वहीं, विन्ध्यांचल धाम मंडल में मां विन्ध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 50 करोड़ रुपये की धनराशि प्रस्तावित है।

इसके अलावा प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए 50 करोड़ रुपये और राजकीय महाविद्यालयों के निमार्णाधीन भवनों को पूर्ण किये जाने के लिए 52 करोड़ रुपये की धनराशि प्रस्तावित की गई।

### प्राविधिक शिक्षा को लेकर बजट में क्या?

- प्रदेश में डिप्लोमा स्तरीय 184 संस्थाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। 36 राजकीय पालीटेक्निक निमार्णाधीन हैं।

- राजकीय पॉलीटेक्निकों में 251 स्मार्ट क्लास रूम की स्थापना की जा चुकी है।

- राजकीय पॉलीटेक्निकों में नवीन टेक्नोलॉजी से सुसज्जित उन्नयन/सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स की स्थापना हेतु 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

- राजकीय पॉलीटेक्निकों में स्मार्ट क्लास रूम, प्रयोगशालाओं के नवीनीकरण हेतु 10 करोड़ रुपये एवं प्रदेश में आर्टिफिशियल इन्टेली' शिक्षा हेतु सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स की स्थापना के लिये 1 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है।

- वर्तमान व आने वाला समय देश व प्रदेश के विकास की गति में तकनीकी के श्रेष्ठतम उपयोग का दौर होगा जिसके दृष्टिगत यह आवश्यक है कि युवाओं

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

## रामलीला मैदान में रेखा गुप्ता ने ली दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ, प्रवेश वर्मा बने डिप्टी सीएम





**नई दिल्ली।** रेखा गुप्ता ने दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शपथ दिलाई। बीजेपी ने 27 सालों बाद दिल्ली में वापसी की है। इस मौके पर पीएम मोदी गृह मंत्री अमित शाह सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहें। रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री होंगी।

**प्रवेश वर्मा सहित 6 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ :** प्रवेश वर्मा सहित छह लोगों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इस सूची में पंकज सिंह, आशीष सूद, रवींद्र इंद्राज, कपिल मिश्रा और मनजिंदर सिंह सिरसा का नाम शामिल है। आज देर शाम तक मंत्रालय और उनका पदभार भी सौंपा जा सकता है। पंकज सिंह बिहार के रहने वाले हैं और राजपूत चेहरा हैं। इसके अलावा रविंद्र इंद्राज दलित चेहरा हैं। बीजेपी ने सभी वर्गों को कैबिनेट में जगह दी है।

**पीएम मोदी सहित कई बड़े नेता रहे मौजूद :** दिल्ली के मुख्यमंत्री के शपथग्रहण कार्यक्रम में पीएम मोदी सहित कई बड़े नेता मौजूद रहे। पीएम मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के सीएम देवेन्द्र फडणवीस आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू, जेडीयू से केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी मौजूद रहे। शपथग्रहण क्रयक्रम के दौरान एनडीए नेताओं का जुटान देखने को मिला है।

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

## एडीजी तकनीकी सेवा नवीन अरोड़ा ने पुलिस कमिश्नरेट में ई-सम्मन पोर्टल मॉडल का लिया टेस्ट

**- कहा इससे पुलिसिंग होगी बेस्ट और कार्रवाई होगी तेज**

**- इंदिरापुरम पुलिस पायलट प्रोजेक्ट के तहत की ई-सम्मन पोर्टल पर कर रही है काम**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश पुलिस अब आधुनिकरण की ओर बढ़ रही है। तो वहीं अब तमाम ऐसे काम जो पहले मैन्युअल किए जाते थे, अब उसे तकनीक के जरिए किया जा रहा है। इन दिनों उत्तर प्रदेश पुलिस की सेल नई तकनीक को अपना रही है। इसकी शुरूआत गाजियाबाद में लगभग 24 जनवरी को शुरू कर दी गई थी जिसमें सबसे पहले इंदिरापुरम थाने में ही ई-सम्मन पोर्टल को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया था। तो वहीं अब सभी थानों में ही ई-सम्मन पोर्टल के माध्यम से न्यायालय से जारी, सम्मन, वारंट आदेशों का तामील किया जा रहा है। साथ ही इसे पहले से ज्यादा सुरक्षित और फास्ट बनाया जा रहा है। इसी संबंध में गुरुवार को पुलिस लाइन के परिसर में अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवा मुख्यालय उत्तर प्रदेश नवीन अरोड़ा द्वारा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। जिसमें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों को भी बुलाया गया था।

### अब ई-सम्मन मोबाइल ऐप से हो रहे हैं तामीला

करंट क्राइम : अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवा मुख्यालय उत्तर प्रदेश नवीन अरोड़ा ने कहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में शत प्रतिशत ई-सम्मन पोर्टल का तामीला पोर्टल व एप के माध्यम से कराए जा रहे हैं। साथ ही न्यायालय और पुलिस द्वारा आपस में समन्वय स्थापित कर सम्मन, वारंट ,नोटिस, साक्ष्य शतप्रतिशत तामील कराई जाने के लिए अधिकतम पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। इस संबंध मतें पायलट प्रोजेक्ट का सफल क्रियान्वयन हो सके इसके लिए तमाम तरीके की तकनीकी जानकारियां भी गुरुवार को हुए कार्यक्रम के द्वारा अधिकारियों द्वारा दी गई है।

### कमिश्नरेट के अधिकारी भी रहे मौजूद

करंट क्राइम : अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवा मुख्यालय उत्तर प्रदेश नवीन अरोड़ा की इस गोष्ठी में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के पुलिस उपायुक्त नगर राजेश कुमार, ट्रांस हिंडन जोन निमिष दशरथ पाटिल, ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध सच्चिदानंद, नोडल अधिकारी ई-सम्मन पोर्टल, सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव के साथ ही जनपद न्यायालय के प्रतिनिधियों के रूप में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व तकनीकी टीमों ने इस दौरान उपस्थिति दर्ज कराई है।

## रेखा गुप्ता के दिल्ली सीएम बनने के बाद गाजियाबाद की भगवा महिला नेताओं ने साझा की तस्वीरें

## चुनाव प्रचार ही नहीं चुनाव से पहले भी नाता है दिल्ली सीएम का गाजियाबाद से

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रेखा गुप्ता को दिल्ली का सीएम बनाया गया है। वह दिल्ली की शालीमार बाग विधानसभा से चुनाव जीती हैं और इस बार दिल्ली विधानसभा में गाजियाबाद छाया रहा है। प्रदेश सह प्रभारी गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग बनें। विधायक अजीतपाल त्यागी, विधायक संजीव शर्मा, विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने चुनाव प्रचार की कमान संभाली और उत्साह इसलिए भी है कि दिल्ली में भाजपा 27 सालों के बाद सत्ता में आ गई। दिल्ली सीएम का ऐलान हुआ तो एक बार फिर गाजियाबाद से ये नाता निकल आया। भाजपा के महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल और उनकी पत्नी तथा मुरादनगर नगर पालिका परिषद की चेयरमैन प्रत्याशी रही रमा अग्रवाल का रिश्तेदारी कनेक्शन है। कई और भी परिवार हैं जिनका रेखा गुप्ता से नाता है। खास बात ये है कि जब दिल्ली मुख्यमंत्री पद के लिये रेखा गुप्ता के नाम का ऐलान हुआ तो गाजियाबाद में भाजपा की महिला नेताओं ने पुरानी तस्वीरें निकाल लीं। पुरानी तस्वीरों से यादों को साझा किया और एक बार फिर रिश्तों की डोर जुड़ गईं। ये तस्वीरें बता रही हैं कि गाजियाबाद से उनका पुराना नाता है। भाजपा की महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष रहते हुए पूनम कौशिक ने जब गाजियाबाद में कार्यक्रम कराया था तो उस कार्यक्रम में रेखा गुप्ता आईं।



दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में पूनम कौशिक ने उस समय के कार्यक्रम को बताते हुए कहा कि महिला मोर्चा के कई कार्यक्रम हुए थे, तब रेखा गुप्ता भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष थीं। उन्हें गाजियाबाद के भाजपा महिला मोर्चा ने प्रबुद्ध सम्मेलन में भी सम्मानित किया था और कोरोना योद्धा के रूप में भी सम्मानित किया था। पूनम कौशिक ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका व्यवहार बहुत अच्छा है और सबसे बड़ी बात है कि सभी कार्यकताओं को सम्मान देती हैं। गाजियाबाद की महिला कार्यकताओं के साथ, महिला नेताओं के साथ उनके पुराने फोटो इस बात की तस्दीक कर रहे हैं कि दिल्ली सीएम का गाजियाबाद से भी एक नाता है।

## अधिवक्ताओं ने बनाई रणनीति आज जिलाधिकारी को सौंपेंगे ज्ञापन




**- एडवोकेट एक्ट 1961 में संशोधन का अमेंडमेंट बिल 2025 को लेकर अधिवक्ता करेंगे शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पदाधिकारी एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 को लेकर अपनी नाराजगी जताते हुए एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सुबह 11 बजे सौंपने का काम करेंगे।

इसके साथ ही अधिवक्ता एकत्रित होकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन और विरोध दर्ज करेंगे। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा एवं सचिव अमित कुमार नेहरा ने गुरुवार को बैठक की है। जिसमें शुक्रवार को होने वाले आंदोलन की रणनीति तय की गई है।

### कचहरी में आज नहीं होगा काम

अधिवक्ताओं ने कहा है कि वकीलों के विरुद्ध दमनकारी प्रस्तावित अमेंडमेंट बिल 2025 के विरोध स्वरूप 21 फरवरी दिन शुक्रवार को सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से निर्व्रत रहेंगे। इसके लिए संबंधित न्यायाधीश, पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को पूर्व में सूचना दे दी गई है। उधर अधिवक्ताओं के विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन कार्यक्रम को लेकर कवि नगर थाना पुलिस और कलेक्ट्रेट परिसर में तैनात रहने वाले पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी न होने पाए।

## शहर विधायक संजीव शर्मा का विधानसभा में विधायक के रूप में पहला संबोधन

## गाजियाबाद की जरूरतों को रखा प्रमुखता से और कानून व्यवस्था पर की सरकार की प्रशंसा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीतिक करने वाले हर व्यक्ति के मन में एक हसरत चुनाव लड़ने की होती है और एक हसरत चुनाव जीतकर विधानसभा, विधानपरिषद, लोकसभा, राज्यसभा में जाने की होती है। जनप्रतिनिधि बनने के बाद किसी भी व्यक्ति के लिये वो पल सबसे यादगार होता है जब उनका सदन में पहला उद्गार होता है। शहर विधायक के रूप में संजीव शर्मा का विधानसभा में पहला उद्गार हुआ। उन्होंने अपने पहले संबोधन में आभार भी व्यक्त किया, कानून व्यवस्था को लेकर सरकार की जमकर तारीफ की और उन्होंने गाजियाबाद की विकास गाथा को बताते हुए उन जरूरतों का भी उल्लेख किया जो चाहिए। कुल मिलाकर शहर विधायक संजीव शर्मा ने अपने प्रथम संबोधन में गागर में सागर भरा। कम शब्दों में अर्थपूर्ण बात कही। संजीव शर्मा ने जब अपने प्रस्ताव पर चर्चा के लिये बोलने का समय मिला तो उन्होंने होते थे। गुंडे पुलिस को ललकारते थे। आज पुलिस में आत्मविश्वास है और पहले ये होता था कि गुंडे पुलिसवालों की हत्या करते थे और फिर मुकदमा भी पुलिस के खिलाफ लिखा जाता था। आज गुंडे त्राहिमाम कर रहे हैं। शहर विधायक संजीव शर्मा ने मुख्यमंत्री




सबसे पहले आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब उत्तम प्रदेश बन गया है और यह सर्वोत्तम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है।

उन्होंने उत्तर प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कहा कि आज उत्तर प्रदेश में माफिया-गुंडे भयग्रस्त हैं और बदमाशों में पुलिस का खौफ है। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि पिछली सरकारों में रोज अपराध योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि यूपी में अपराधों के लिये जीरो टोलरेंस नीति पर काम हो रहा है।

उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री ने सदन में ही साफ किया था कि वो माफियाओं को मिट्टी में मिला देंगे। इसके बाद उन्होंने गाजियाबाद की विकास वाली जरूरतों की तरफ ध्यान आकर्षित किया।

### शहर विधानसभा में डिग्री कॉलेज और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रखी हाईकोर्ट बेंच की मांग

शहर विधायक संजीव शर्मा को जब विधानसभा के सदन में बोलने का मौका मिला तो उन्होंने बेहद सधे हुए तरीके से अपनी बात रखी। वो अपनी विधानसभा अपने जिले के मुद्दों पर आए। उन्होंने कहा कि मैं जिस विधानसभा से आता हूं वो गाजियाबाद की शहर विधानसभा है। यहां रोजगार के लिये बड़ी संख्या में एक आबादी दूर के इलाकों से आई है। उन्होंने यहां घर बनाए हैं। इसके बाद संजीव शर्मा ने विकास का मैप बताते हुए गिनाया कि नगर निगम और जीडीए बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। यहां रैपिड रेल आई है, आरओबी बना है और साढ़े तीन सौ करोड़ की लागत से रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि हिंडन एयरपोर्ट से उड़ान शुरू हो रही है। उनकी विधानसभा में प्राचीन मठ मंदिर दूधेश्वरनाथ कोरिडोर का काम चल रहा है। एक शानदार स्टेडियम बन रहा है। उन्होंने कहा कि इन सबके बावजूद यहां कुछ ऐसी जरूरते हैं जो समस्त वर्गों के लिये है और उनकी आवश्यता है। संजीव शर्मा ने कहा कि शहर विधानसभा में एक डिग्री कॉलेज की आवश्यकता है। आबादी के अनुपात में यहां शिक्षा के लिये डिग्री कॉलेज जरूर चाहिए। उन्होंने कहा कि पश्चिती उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना हो जाए तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश की एक बड़ी आबादी को प्रयागराज नहीं जाना पड़ेगा। मेट्रो के नोएडा विस्तारीकरण पर जोर दिया, ऐलिवेटिड रोड का मुद्दा रखा और कहा इन सब बातों पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने अपने पहले संबोधन में महाकुंभ आयोजन के प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह भारत ही नहीं दुनिया के सामने सनातन संस्कृति की विशालता का परिचायक है।

# रेखा गुप्ता ने संभाली दिल्ली मुख्यमंत्री पद की कमान

## प्रवेश वर्मा, कपिल मिश्रा और आशीष सूद समेत 6 मंत्रियों ने ली शपथ

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद रेखा गुप्ता ने 20 फरवरी यानी आज दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इनके साथ छह मंत्रियों ने भी शपथ ली। उप राज्यपाल विनय सक्सेना ने मुख्यमंत्री और सभी मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बता दें कि दिल्ली के सीएम की दौड़ में प्रवेश वर्मा, सतीश उपाध्याय, विजेंद्र गुप्ता, शिखा राय समेत कई चेहरों का नाम लिया जा रहा था। आखिरकार बाजी रेखा गुप्ता ने मारी।

### ये हैं वो छह नाम जो बने मंत्री

दिल्ली की नई सरकार के शपथग्रहण में मुख्यमंत्री के साथ छह मंत्री भी शपथ ली। प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, पंकज सिंह, मनजिंदर सिरसा, कपिल मिश्रा, रविंद्र इंद्राज दिल्ली में कैबिनेट मंत्री बने।

### 1. प्रवेश वर्मा

सीएम की रेस में रहने वाले नई दिल्ली से विधायक चुने गए प्रवेश वर्मा को भी दिल्ली की नई कैबिनेट में शामिल किया गया है। नई दिल्ली सीट पर आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा सीएम की रेस में सबसे आगे थे।

### 2. कपिल मिश्रा

कपिल मिश्रा को भी दिल्ली की नई कैबिनेट में शामिल किया गया। करावल नगर से विधायक कपिल मिश्रा ने भी आज मंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने करावल नगर से दूसरी बार जीत हासिल की है। भाजपा से पहले वह आम आदमी पार्टी में भी रह चुके हैं।

### 3. आशीष सूद

रेखा गुप्ता के साथ आशीष सूद ने भी आज मंत्री पद की शपथ ली। आशीष सूद जनकपुरी से चुनाव जीते हैं। वे पहली बार विधायक बने हैं। इससे पहले आशीष पार्षद रहे हैं। वे भाजपा के गोवा व जम्मू कश्मीर के प्रभारी भी हैं। सूद पंजाबी समाज से आते हैं। प्रदेश भाजपा नेतृत्व भी पंजाबी समाज से ही है।

### 4. मनजिंदर सिंह सिरसा

मनजिंदर सिंह सिरसा को भी दिल्ली की नई कैबिनेट में शामिल किया गया। वह राजौरी गार्डन से विधायक हैं। तीसरी बार विधायक बने सिरसा दिल्ली में भाजपा का सिख चेहरा हैं। साल 2021 में मनजिंदर सिंह सिरसा शिरोमणि अकाली दल से भाजपा में शामिल हुए थे।

### 5. पंकज सिंह

विकासपुरी से जीत हासिल करने वाले विधायक पंकज सिंह ने भी मंत्री पद की शपथ ली। पंकज सिंह एमसीडी में भी अहम पदों पर रह चुके हैं। वह दांतों के डॉक्टर हैं।




उनकी पत्नी रश्मि कुमारी भी डेंटिस्ट हैं। पंकज के पास बीडीएस की डिग्री है। बिहार के बक्सर के रहने वाले पंकज सिंह विकासपुरी से जीतकर पहली बार विधायक बने हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी के महेंद्र यादव को हराया।

### 6. रविंद्र इंद्राज

रेखा गुप्ता के साथ रविंद्र इंद्राज भी शपथ ली। उनका नाम भी मंत्री पद की शपथ लेने वालों में शामिल है। वह बवाना सुरक्षित सीट से पहली बार विधायक बने हैं।

### रेखा गुप्ता का राजनीतिक सफर

रेखा गुप्ता का राजनीतिक करियर प्रभावशाली रहा है। भाजपा में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य उन्होंने किया है। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ ही नगर निगम चुनावों में भाजपा की ओर से महापौर पद की उम्मीदवार भी थीं। राजनीतिक यात्रा दिल्ली विश्वविद्यालय से शुरू हुई, जहां उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ में महासचिव रहीं। इसके बाद उन्होंने भाजपा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए पार्टी में उच्च पदों तक का सफर तय किया और एक अनुभवी नेता के रूप में अपनी पहचान बनाई।

### शुरूआती जीवन

रेखा गुप्ता का जन्म 1974 में हरियाणा के जींद जिले की जुलाना तहसील के नंदगढ़ गांव में हुआ था। 1976 में उनके पिता को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में मैनेजर की नौकरी मिलने के बाद पूरा परिवार दिल्ली आ गया। अपनी पढ़ाई रेखा गुप्ता ने दिल्ली में ही पूरी की और छात्र राजनीति में कदम रखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ गईं। एलएलबी में स्नातक के बाद कॉलेज के दिनों से ही राजनीति में सक्रिय हो गई थी।

- शालीमार बाग सीट से आम आदमी पार्टी की वंदना कुमारी को हराकर रेखा गुप्ता विधायक बनीं।
- राजनीतिक सफर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से शुरू हुआ
- दिल्ली विश्वविद्यालय की सचिव रह चुकी हैं।
- रेखा गुप्ता का जुड़ाव शहरी और ग्रामीण दोनों ही समाजों से है।
- उनका परिवार जुलाना (हरियाणा) में व्यापार करता है, जबकि उनका राजनीतिक और शैक्षिक विकास दिल्ली में ही हुआ है।
- रेखा गुप्ता के पिता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में नौकरी करते थे। उनका परिवार दिल्ली के शालीमार बाग में बस गया।
- रेखा गुप्ता के दादा मनीराम जिंदल गांव में रहते थे।
- रेखा गुप्ता वैश्य समुदाय से आती हैं। जो भाजपा का कोर वोटर माना जाता है।
- एलएलबी से स्नातक है। पेशे से वकील
- रेखा गुप्ता का जन्म 1974 में हरियाणा के जींद जिले की जुलाना तहसील के नंदगढ़ गांव में हुआ था।

### कुर्सी पर बैठते ही रेखा गुप्ता के बयान ने बढ़ाई केजरीवाल की टेंशन, बोलीं- 'देना होगा हिसाब'



दिल्ली में नई सरकार का गठन हो गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके कैबिनेट ने गुरुवार को रामलीला मैदान में शपथ ली। उसके बाद पूरा कैबिनेट दिल्ली सचिवालय में अपने अपने पद संभालने के लिए पहुंचा। इस सबके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला। रेखा गुप्ता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को एक-एक पैसा का हिसाब देना होगा। अपनी सरकार को लेकर बोलीं, विकसित दिल्ली का जो वादा किया है उसको पूरा करेंगे। एक भी दिन व्यर्थ नहीं किया जाएगा। दिल्ली के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सीएम का दफ्तर उनके लिए खुला है। 5 बजे हम यमुना आरती के लिए जाएंगे। 7 बजे कैबिनेट की बैठक होगी।

# योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया

## छात्राओं के लिए स्कूटी, युवाओं को रोजगार, व्यापार के लिए ब्याज मुक्त लोन की घोषणा

### 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपये का ऐतिहासिक बजट विधानसभा में पेश

**लखनऊ।** योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपये का ऐतिहासिक बजट विधानसभा में पेश किया। यह उत्तर प्रदेश के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा बजट है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने इसे प्रदेश के आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यह बजट वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है, जिससे राज्य की आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यह बजट प्रदेश की आर्थिक मजबूती, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना है।

योगी सरकार के इस मेगा बजट में अवस्थापना विकास के लिए 22 प्रतिशत, शिक्षा के लिए 13 प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं के लिए 11 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में 6 प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए 4 प्रतिशत एवं संसाधन आवंटित किये गये हैं। बजट में पूँजीगत परिव्यय कुल बजट का लगभग 20.5 प्रतिशत है।

**इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश को बढ़ावा :** प्रदेश में बुनियादी ढांचे और इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने बजट का 22 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित किया है। इसमें सड़क निर्माण, औद्योगिक विस्तार, परिवहन व्यवस्था और निवेश को आकर्षित करने जैसी योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा को बढ़ावा

उत्तर प्रदेश को तकनीकी हब बनाने के लिए योगी सरकार ने कई नई योजनाएं शुरू करने का प्रस्ताव बजट के जरिए पेश किया है। इसमें 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी' की स्थापना की जाएगी, जिससे प्रदेश को तकनीकी नवाचार का केंद्र बनाया जाएगा। साथ ही साइबर सिक्योरिटी में टेक्नोलॉजी रिसर्च ट्रांसलेशन पार्क स्थापित करने की योजना, जिससे डिजिटल सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने हेतु सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना का प्रस्ताव भी शामिल है।

**स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट :** वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश के 58 नगर निकायों को 'आदर्श स्मार्ट नगर निकाय' के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें प्रत्येक नगर निकाय को 2.50 करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी, जिससे कुल 145 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन शहरों में आधुनिक सुविधाएँ, तकनीकी नवाचार और स्वच्छता प्रबंधन को प्राथमिकता दी जाएगी।





### शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा निवेश

योगी सरकार ने शिक्षा को और मजबूत बनाने के लिए 13 प्रतिशत बजट शिक्षा क्षेत्र के लिए निर्धारित किया है। इसमें प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लासेस स्थापित करने का प्रस्ताव है। साथ ही राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेजों में डिजिटल लाइब्रेरी और स्मार्ट क्लासेस शुरू करने की योजना भी शामिल है। इसके अलावा प्रदेश में शोध और विकास को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं बजट में प्रस्तावित हैं।

### विज्ञान और नवाचार को मिलेगा प्रोत्साहन

सरकार ने प्रदेश में विज्ञान और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसमें साइंस सिटी, विज्ञान पार्क और नक्षत्रशालाओं की स्थापना और पुराने संस्थानों के नवीनीकरण की कार्ययोजना शामिल है। छात्रों के लिए आधुनिक वैज्ञानिक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### श्रमिकों के लिए नई योजनाएं

वित्त मंत्री ने बताया कि जिला मुख्यालयों में कामगार/श्रमिक अड्डे बनाए जाएंगे। इनमें कैंटीन, पीने का पानी, स्नानागार और शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह योजना श्रमिकों के रोजगार और जीवन स्तर सुधारने में मददगार साबित होगी।

**जीरो पॉवर्टी अभियानके तहत गरीबी उन्मूलन का लक्ष्य :** वित्त मंत्री ने बताया कि योगी सरकार ने 2 अक्टूबर 2024 से ह्यजीरो पॉवर्टी अभियानह्व शुरू किया है। इस अभियान के तहत प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत से निर्धनतम परिवारों की पहचान की जाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि इन परिवारों की वार्षिक आय को 1,25,000 रुपये तक लाया जाए और उनकी मूलभूत जरूरतों को पूरा किया जाए।

**यूपी बनेगा राष्ट्रीय और वैश्विक निवेश का केंद्र :** उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश का यह बजट राज्य के विकास, तकनीकी उन्नति, शिक्षा सुधार, गरीबों के कल्याण और बुनियादी ढांचे के विस्तार को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश आधुनिकता, नवाचार और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहा है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यह बजट प्रदेश को राष्ट्रीय और वैश्विक निवेश का केंद्र बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

# अखिलेश बोले- बजट ढोल की तरह अंदर से खोखला मायावती बोलीं, मध्यम वर्ग का तुष्टिकरण किया

**लखनऊ।** योगी सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि ये भाजपा सरकार का नौवां बजट है। ये बजट नहीं बल्कि बहुत बड़ा ढोल है जिसमें आवाज तो बहुत है पर अंदर से खोखला है। उन्होंने कहा कि इसे देखकर किसानों की उम्मीदों का खेत सूख गया है। महिलाओं के माथे पर घर चलाने की चिंता की लकीरें उभर आई हैं। आम जनता के लिए इसमें कुछ नहीं है लोग कह रहे हैं कि सरकार का प्रवचन तो गया है अब बजट कब आएगा। उन्होंने कहा कि बजट देखकर मंत्री और विधायक भी निराश हैं क्योंकि इसमें उनके अपने विभाग के लिए कुछ नहीं है। आखिर उन्हें ही जनता को फेस करना है।

### मायावती बोलीं, ये बजट मध्यम वर्ग के तुष्टीकरण वाला

मायावती ने यूपी के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर कहा कि यूपी सरकार द्वारा विधानसभा में आज पेश 2025-26 का बजट यदि व्यापक जनहित व जनकल्याण का ज्यादा



होता तो यह बेहतर होता, जबकि बजट में महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन को दूर करने व आमजन की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के प्रति पर्याप्त सरकारी नीयत-नीति का अभाव है। ऐसे सही विकास कैसे संभव है?

कुल मिलाकर, यूपी भाजपा सरकार का बजट भी पेट भरे मध्यम वर्ग के तुष्टीकरण वाला है जबकि सरकारों की असली चिन्ता व संवैधानिक दायित्व करोड़ों परिवारों की दरिद्रता को दूर करके सुख-चैन पहुंचाने वाला सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय के उद्देश्य की पूर्ति का होना चाहिए।

# काशी तमिल संगमः विश्वनाथ धाम पहुंचा अतिथियों का जत्था, गूंजा हर-हर महादेव

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम 3.0 में शामिल होने तमिलनाडु से आए पांचवें दल का गुरुवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। मंदिर न्यास की ओर से गंगा द्वार पर पुष्प वर्षा और डमरू के नाद के बीच भव्य स्वागत किया गया। अतिथियों ने हर हर महादेव के उद्घोष संग श्री विश्वनाथ धाम में प्रवेश किया।

श्री काशी विश्वनाथ महादेव का दर्शन करने के बाद अतिथियों ने धाम में स्थित अन्न क्षेत्र में भोजन प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के सीईओ विश्वभूषण ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और सुगम दर्शन की व्यवस्था कराई।



उन्होंने अतिथियों को श्री काशी विश्वनाथ धाम में उपलब्ध सुविधाओं एवं दर्शन पूजन की व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अतिथियों को अन्न क्षेत्र ले जाकर सभी को बैठाकर भोजन प्रसाद ग्रहण कराया। श्री काशी विश्वनाथ धाम में स्वागत से अतिथि अभिभूत दिखे। अतिथियों ने कहा कि श्री काशी विश्वनाथ महादेव का दर्शन कर परम सुख की अनुभूति हुई। सीईओ ने बड़े ही आत्मीय तरीके से सभी के दर्शन की व्यवस्था कराई।

# होली पर हुड़दंग करने वालों की खैर नहीं

## उत्पातियों पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई, पुलिस बल की रहेगा तैनाती

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने परिसर में होली के हुड़दंग को रोकने की तैयारी की है। होली के अवसर पर कैंपस, कॉलेज, विभागों में यदि कोई छात्र गलत हरकत करता है तो उस पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही इस अवधि के दौरान किसी भी छात्र को परेशान किए जाने की स्थिति में सभी एंटी रैगिंग, एंटी ईव टीजिंग और छेड़छाड़ के प्रावधान लगाए जाएंगे।

**हुड़दंग करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई :** कैंपस का माहौल खराब ना हो इसलिए डीयू प्रशासन ने होली के काफी पहले ही कॉलेजों, विभागों, हॉस्टल के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। होली के नाम पर कैंपस में हुड़दंगबाजी ना हो इसके लिए प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाया है। होली के नाम पर महिलाओं के साथ हुड़दंग करने वालों के खिलाफ विश्वविद्यालय ऑर्डिनेंस और सेक्सुअल हैरेसमेंट ऑफ वूमेंस



एट वर्कप्लेस एक्ट 2013 के तहत कार्रवाई की जाएगी। डीयू प्रॉक्टर की ओर से जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि शिक्षण संस्थानों के परिसर में गीले रंग, गुब्बारे, पिस्टन और हुड़दंग मचाने वाले तरीके से होली न खेलें।

साथ ही त्योहार के दिनों में कॉलेज, विभागों में पहचान पत्र के माध्यम से प्रवेश अनिवार्य कर दिया है। कॉलेजों और विभागों में बाहरी लोगों के प्रवेश को रोकने के लिए सभी छात्रों की पहचान और बाहरी लोगों के पहचान पत्र की जांच करने के लिए गेट पर सुरक्षा गार्ड तैनात करने के लिए कहा गया है।

**पुलिस बल की रहेगी तैनाती :** सभी प्रिंसिपल, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, हॉस्टल के प्रोवोस्ट किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए उपलब्ध होने चाहिए। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कॉलेजों के आसपास पुलिस बल की तैनाती रहेगी। पुलिस की ओर से मोबाइल गश्त होगी।

# राहुल-प्रियंका के संगम स्नान पर संशय

## बृहस्पतिवार को रायबरेली में होंगे लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष

**प्रयागराज।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा सांसद प्रियंका गांधी के संगम स्नान को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, राहुल गांधी बृहस्पतिवार को रायबरेली में होंगे। उस दौरान उनके संगम स्नान के कार्यक्रम पर भी चर्चा की उम्मीद है।

कांग्रेस नेता राहुल एवं प्रियंका गांधी के संगम स्नान को लेकर लगातार चर्चा है। बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय तथा अन्य नेताओं ने संगम स्नान किया। वहीं, बृहस्पतिवार को राहुल गांधी रायबरेली में होंगे। ऐसे में राहुल गांधी के साथ प्रियंका गांधी के संगम स्नान की चर्चा जोरों पर हैं। हालांकि, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का स्पष्ट कहना है कि अभी तक उनके स्नान का कोई कार्यक्रम तय नहीं है।

बुधवार को संगम स्नान के लिए आए अजय राय ने स्थानीय नेताओं से कहा कि राहुल गांधी के रायबरेली एवं लखनऊ आगमन पर इस बारे में चर्चा होगी। निवर्तमान महानगर अध्यक्ष प्रदीप



मिश्र अंशुमन का कहना है कि चर्चा के बाद ही राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के संगम स्नान के बारे में कुछ कहा जा सकता है।

### गंगा-यमुना में गिर रहा नाले का गंदा पानी : अजय राय

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को संगम स्नान की तथा मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर हुए हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने महाकुंभ की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए प्रदेश सरकार पर हमले भी बोले। कांग्रेस नेता ने कहा कि एनजीटी की रिपोर्ट के अ नुसार तथा यहां आकर देखने से पता चल रहा है कि मां यमुना में गंदगी बह रही है। गंगा और यमुना में आज भी गंदे नाले का दूषित पानी लगातार जा रहा है। उसको रोकने के लिए सरकार ने कोई ठोस इंतजाम नहीं कर पाई है। अजय राय के साथ निवर्तमान महानगर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन, मनीष मिश्रा, राजेश राकेश, दिवाकर भारतीय, विनय पांडेय आदि ने संगम स्नान किया।

# विश्व में रहे हमेशा शांति निकाली जा रही धम्म यात्रा

**श्रावस्ती।** बिहार के बोधगया से विश्व शांति के लिए नौ फरवरी से धम्म यात्रा निकाली जा रही है। बुधवार शाम यह यूपी के श्रावस्ती पहुंचे। यात्रा बौद्ध महायान ड्रिगुड़ कार्ग्युद के संस्थापक एवं 37वें पीठासीन धर्मगुरु ड्रिगुड़ क्याबगोन छेछाड़ रिनपोछे के नेतृत्व में निकाली जा रही है। उन्होंने आनंद बोधि पर विशेष पूजा की।

बृहस्पतिवार को बुद्ध की तपोस्थली में बुद्ध प्रार्थना के बाद वह अपने 1400 सदस्यीय दल के साथ लुंबिनी के लिए रवाना हुए। बौद्ध महायान ड्रिगुड़ कार्ग्युद के संस्थापक के नेतृत्व में आया 1400 सदस्यीय दल 15 दिन का तीर्थयात्रा पर नौ फरवरी को बोधगया से रवाना हुआ था। यह यात्रा 24 फरवरी को लुंबिनी में संपन्न होगी।

तथागत बुद्ध के जन्म से लेकर महापरिनिर्वाण तक के जीवन के मार्ग पर सभी अनुयायी बोधगया, नालंदा, राजगीर, गृधः कुट नामक तीर्थ स्थल व वैशाली होते हुए कुशीनगर पहुंचे। जहां से यह दल श्रावस्ती पहुंचा। धर्मगुरु ने श्रावस्ती बुद्धिस्ट सेंटर में भोर



अशोक सूत्र को आधार रख कर मानव कल्याण के लिए पूजा किया।

इसके बाद जेतवन विहार में मानव व विश्व शांति के लिए पूजा व मेडिटेशन किया। बुद्धिस्ट सेंटर में विश्व शांति के लिए दीप प्रज्वलित कर संसार में सभी प्राणियों के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि श्रावस्ती तीर्थ स्थल स्वच्छ व पवित्र तीर्थ है। यहां का कण-कण पूज्यनीय है।

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...







# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने विधानसभा में उठाया गाय को राजमाता का दर्जा दिये जाने का मुद्दा

## कहा- हाईकोर्ट बैंच लाई जाए वेस्ट यूपी में और जलभराव के लिये मिले अलग पैकेज

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोनी विधायक नंदिकिशोर गुर्जर क्रांतिकारी विधायक कहे जाते हैं। वो सदन में भी अपने अलग अंदाज के लिये जाने जाते हैं। विधानसभा सत्र में उन्होंने एक बार फिर गऊ कटान का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि गौरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री होते हुए थे यदा-कदा गाय कटने का मामला सामने आता है। उन्होंने कहा कि इस पर रोक लगनी चाहिए और गाय को राजमाता का दर्जा दिया जाना चाहिए। लोनी विधायक ने इसके बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट बैंच को लेकर एक लंबे समय से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आंदोलन चल रहा है। अधिवक्ता प्रत्येक शनिवार को कार्य से विरत रहते हैं। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद से प्रयागराज हाईकोर्ट इतनी दूर है जितनी दिल्ली से लाहौर। लोनी विधायक नंदिकिशोर गुर्जर ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की मांग करते हुए कहा कि गौतमबुद्धनगर, आगरा और मेरठ में यह बैंच स्थापित की जा सकती है।



उन्होंने कहा कि यहां के गरीब मजदूर को मुकदमों में दूर तक जाना पड़ता है।

विधायक नंदिकिशोर गुर्जर ने लोनी के मुद्दों को उठाया और कहा कि नगर पालिका में 70 प्रतिशत आबादी है और वहां के विकास के लिये जरूरी है कि अब उसे नगर निगम बना दिया जाए। इसके अलावा उन्होंने लोनी में डिग्री कॉलेज की मांग की और सुझाव दिया कि सिरोली में सिंचाई विभाग की जमीन है वहां डिग्री कॉलेज बनाया जा सकता है। इसके अलावा उन्होंने दिल्ली-सहारनपुर मार्ग का मुद्दा उठाया और कहा कि यहां सड़क का बनना जरूरी है। लोनी विधायक ने महाभारत और रामायणकाल का हवाला देते हुए यहां महाभारत सर्किट बनाए जाने की मांग की। पुरा महादेव मंदिर का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि लोनी में जल निकास की बड़ी समस्या है और इसके लिये विशेष पैकेज जरूरी है। यहां बारिश में जलभराव से लोगों को दिक्कत होती है। लोनी विधायक नंदिकिशोर गुर्जर ने कहा कि लोनी में डिग्री कॉलेज अस्पताल के साथ मेट्रो के मंडोला विस्तार की भी जरूरत है।

## एमएलसी दिनेश गोयल ने उठाया अवैध आरओ प्लांट और हाईवे पर मौत का मुद्दा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** एमएलसी दिनेश कुमार गोयल ने विधानसभा में आरओ वॉटर प्लांट संचालकों के द्वारा आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने व हाईवे पर अवैध रूप से खड़े होने वाले वाहनों से लोगों के मौत के शिकार होने का मुद्दा प्रमुख्ता के साथ उठाया है। गुरुवार को विधान परिषद सत्र में दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद व विजय बहादुर पाठक सदस्य विधान परिषद द्वारा सरकार को अवगत कराया कि उत्तर



प्रदेश में लगातार हो रहे जल दोहन से भूमि जल स्तर नीचे की ओर गिरता जा रहा है। प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में भूमि का जलस्तर 300 फुट के आसपास पहुंच गया है। इसके लिए कहीं ना कहीं आरओ प्लाट संचालक जिम्मेदार हैं। वहीं आरओ प्लांट संचालक मानकों की अनदेखी कर रहे हैं और 20 लीटर की पानी की केन में शुद्ध पानी का दावा वाटर संचालक करते हैं लेकिन उनके पास उसकी शुद्धता का कोई प्रमाण नहीं होता और ना ही वाटर प्लांट संचालको के द्वारा फूड सेफ्टी एक्ट के अनुरूप अपने प्लाट पर साफ सफाई ही रखी जाती है।

### हाईवे पर हो रहीं मौत का भी उठा विषय

**करंट क्राइम :** इस दौरान दिल्ली-मेरठ हाईवे और आजमगढ़-लखनऊ हाईवे के साथ ही प्रदेश के सभी हाईवे मार्ग पर अवैध रूप से ट्रक डंपर मार्गो पर अवैध रूप से अन्य दूसरे भारी वाहन खड़े रहते हैं एवं यमदूत बनकर खड़े रहते है। यह वाहन चालक हाईवे को पार्किंग के रूप में प्रयोग करते हैं। हाईवे पर दूसरे वाहनों के द्वारा अवैध पार्किंग के कारण आए दिन दुर्घटना बढ़ती जा रही हैं। झांसी कानपुर, ललितपुर, शिवपुरी हाईवे हो या अन्य कोई भी हाईवे हर समय भारी वाहन जगह-जगह मिल जाएंगे। हाईवे पर खड़े होने वाले ऐसे अवैध वाहनों के खिलाफ कठोर कदम उठाने के लिए हाईवे पुलिस यातायात पुलिस के साथ ही साथ परिवहन विभाग की भी जिम्मेदारी निर्धारित की जानी चाहिए ताकि किसी भी बड़ी दुर्घटना को होने से रोका जा सके।

# 21000 वर्ग मीटर में बनेगा गाजियाबाद नगर निगम का पांच मंजिला मुख्यालय

## अर्थला होगा स्थान और 2026 में पूरा करना है निर्माण, बेसमेंट में बनेगी पार्किंग और शासन से मिली है स्वीकृति

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आने वाले समय में गाजियाबाद नगर निगम का मुख्यालय बेहद आधुनिक और बहुमंजिला नजर आएगा। गाजियायाबाद नगर निगम का नया मुख्यालय अर्थला के निकट बनाया जाएगा। इसके लिए शासन स्तर से इसे मंजूरी मिल गई है। वहीं नया मुख्यालय अर्थला में होगा, बिल्डिंग में दो बेसमेंट, एक ग्राउंड फ्लोर पांच मंजिला बनाई जाएगी।



लगभग 21000 वर्ग मीटर में बनने वाले नगर निगम गाजियाबाद के मुख्यालय में 5655 वर्ग मीटर का पार्किंग एरिया भी होगा। गाजियाबाद नगर निगम के मुख्यालय का निर्माण का कायार्दारी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम को बनाया गया है। इस बिल्डिंग का निर्माण के लिए लगभग 94 करोड रुपए स्वीकृत हुए हैं। नगर निगम गाजियाबाद की नई बिल्डिंग बेहद आधुनिक और हाइटेक हो असका भसी ध्यान रखा जाएगा। कहा जा रहा है कि इसका निर्माण कार्य जल्द शुरु होगा जिसको साल 2026 तक पूरा किया जाना होगा।

## 94 करोड़ के बजट से होगा नगर निगम मुख्यालय का निर्माण



### दैनिक करंट क्राइम ने सबसे पहले ही दी थी सूचना

**करंट क्राइम :** दैनिक करंट क्राइम ने कुछ माह पूर्व ही अपने पाठकों को अवगत कराया था कि नगर निगम गाजियाबाद जल्द ही भविष्य में अपनी बिल्डिंग को अर्थला में शिफ्ट करेगा। यहां नया मुख्यालय बनाया जाएगा, जो बेहद आधुनिक और भव्य होगा। यहां बहुमंजिला इमारत बनाने के साथ ही इसे बेहद हाईटेक भी किया जाएगा। यहां तमाम तरीके की सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी ताकि यहां के कर्मचारियों और आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो

### 2026 तक पूरी तरह निर्मित होगा नगर निगम का नया मुख्यालय

**करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया है कि गाजियाबाद नगर निगम की एक और योजना में शासन द्वारा स्वीकृत की गई है। 2026 तक नए मुख्यालय को बनाने के लिए समस्त तैयारी पूर्ण हो चुकी हैं। इसकी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया है। नगर निगम गाजियाबाद का नया मुख्यालय बनेगा, जो बड़ी बिल्डिंग बनेगी, यह बेहद आधुनिक और भव्य होगी। इसके साथ ही इसमें नई तकनीक वाली लिफ्ट, सोलर पैनल और वाटर मशीन के साथ ही बड़ा पार्किंग एरिया व अन्य सुविधा भी नगर निगम के कर्मचारियों को मुहैया कराई जाएगी। इसमें कर्मचारियों के लिए रेस्ट रूम और गेस्ट हाउस के साथ ही कैंटीन और अन्य व्यवस्था रहेंगी।

### यूपी में अपने तरीके का अलग निगम मुख्यालय बनेगा

**करंट क्राइम :** नगर निगम गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा इसके नए लेआउट पर चर्चा की जा चुकी है। बताया जा रहा है कि लगभग 94 करोड़ से बनने वाले अर्थला में नगर निगम के नए मुख्यालय को शासन स्तर से स्वीकृति मिल गई है। यह बिल्डिंग भूकंप निरोधी बनाने के साथ ही बहुत ही आधुनिक होगी। यहां नगर निगम कर्मचारियों को बेहतर वर्किंग माहौल देने का भी ध्यान रखा जाएगा। इसमें लाइटिंग और हवादार कमरे और कार्यालय भी बनाए जाएंगे ताकि किसी प्रकार की समस्या ना हो। कहा जा रहा है कि इस नए मुख्यालय का जो डिजाइन है, वह उत्तर प्रदेश के अलग-अलग नगर निगमन में सबसे बेहतर और आधुनिक भी रहेगा।

# नगर निगम कर पाएगा पैठ बाजार को उगाही ठेकेदारों से कितना मुक्त

## कस्सावान के पैठ ठेकेदार के खिलाफ पहले भी दर्ज हो चुकी है बंदूक तानने की एफआईआर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** साप्ताहिक पैठ बाजार को लेकर मेयर सुनीता दयाल ने कहा था कि नगर निगम ही स्थान तय करेगा और पैठ बाजार से दलालों को हटा दिया जाएगा। इसके अलावा नगर निगम में कथित तौर पर ठेकेदारी प्रथा पर भी रोक लगाने की बात कही। जब पैठ बाजार का मुद्दा चल रहा था तो इसी बीच पैठ बाजार से ठेकेदारों की एक लिस्ट आ गई। इस लिस्ट को लेकर ये कहा गया कि यह लिस्ट पुलिस ने जारी की है। इसके बाद ये स्पष्ट हो गया कि पैठ बाजार में कुछ असामाजिक तत्व शामिल हैं। सूत्र बताते हैं कि अब पार्षदों ने भी पैठ बाजारों को लेकर उन ठेकेदारों पर निगाह रखनी शुरू कर दी है जो यहां से उगाही भी करते हैं और पुलिस तथा निगम के नाम पर भी पैसे लेते हैं। वहीं पैठ बाजार को लेकर अब उन नामों का भी खुलासा हो गया है जो पहले भी नगर निगम की जमीन पर कब्जा करने के आरोप में पकड़े जा चुके हैं। वहीं नगर जोन क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों के विवरण में कई नाम ऐसे आए हैं जो पूर्व में भी विवादित रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इस मामले में जल्द कार्रवाई होगी। पैठ बाजारों को लेकर मेयर पहले ही कह चुकी हैं कि इन बाजारों से दलालों की छुटटी होगी। स्थान वो तय कराएंगे और पैठ बाजारों से वसूली करने और इनकी दलाली करने वाले लोगों पर निगम द्वारा कार्रवाई की जाएगी।



### 2018 में तान दी थी निगम कर्मियों पर इस ठेकेदार ने बंदूक

**करंट क्राइम।** अब जब जांच शुरू हो रही है तो ये पता चला है कि लिस्ट में जिस ठेकेदार का नाम प्रमुखता से आया है वो हाजी शादाब कस्सावान का रहने वाला है और गंदे नाले पर पैठ की शुरूआत इसी ने कराई थी। सूत्र बताते हैं कि वर्ष 2018 में कैला इस्लामनगर क्षेत्र में नगर निगम की जमीन पर खड़े कूड़ा कलेक्शन वाहनों को तीन लोगों ने रोक दिया था और इस सरकारी जमीन को अपना बताया था। तब इन लोगों ने बंदूक तान दी थी और कर्मचारियों को बंधक बना लिया था। इसके बाद इस मामले में नगर निगम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। संपत्ति विभाग के राजस्व निरीक्षक द्वारा ये रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। नगर निगम की संपत्ति पर कब्जा करने वाले कस्सावान के एक शख्स का नाम साप्ताहिक पैठ बाजार के ठेकेदारों की लिस्ट में पहले नंबर पर है। इसके अलावा इस लिस्ट में और भी पांच नाम शामिल हैं। जिस गंदे नाले की पैठ को लेकर भाजपा के व्यापारी नेता लगातार आवाज उठा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि मामले की शिकायत लखनऊ में भी की गई है।

### पट्टी तो खींच ली, लेकिन पैठ माफियाओं से कैसे पार पाएगा निगम

**करंट क्राइम।** पैठ बाजार की तैयारियां शुरू हो गई, शासन ने कह दिया कि पैठ बाजार यथावत लगेंगे। नए नियम के तहत पट्टी खींची जा रही है। भाजपा के क्षेत्रीय संयोजक ओमप्रकाश ओड टाउन वेंडिंग कमेटी को सुझाव दे चुके हैं कि जिस दिन साप्ताहिक पैठ हो उस दिन पक्की दुकान वालों की साप्ताहिक बंदी घोषित की जाए। साप्ताहि पैठ बाजार में जाम व भीड़ नियंत्रित करने के लिये पुलिस की उचित व्यवस्था की जाए, लेकिन यहां सबसे बड़ा सवाल पैठ कारोबारी ही उठा रहे हैं। उनका कहना है कि वो निगम को शुल्क देने के लिये तैयार हैं, लेकिन पैठ माफियाओं से मुक्ति दिलाई जाए। जो लोग स्वयं नगर निगम की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं उन पर कार्रवाई की जाए। वो बता रहे हैं कि अभी तो इस्लामनगर का ये पहला मामला सामने आया है और जब मामले की जांच होगी तो कई मामले सामने आ जाएंगे और पैठ ठेकेदार के रूप में अपराधियों की पहचान भी हो जाएगी।

# चार एक्सप्रेसवे और छात्रों को फ्री स्कूटी के साथ योगी सरकार ने खोला प्रदेश के लिए खजाना : संजीव गुप्ता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के द्वारा प्रदेश सरकार का एतिहासिक बजट विधानसभा में पेश किया गया। जिस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए, समरकूल ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रसिद्ध उधोगपति संजीव कुमार गुप्ता ने कहा है कि, इस बार 8 लाख करोड़ से अधिक का उत्तर प्रदेश का बजट पेश किया गया है। जोकि स्वतः ही दशार्ता है कि इस बार सरकार ने विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए अपने खजाने के दरवाजों को खोल दिया है। जिसमें मेधावी छात्रों को फ्री स्कूटी के साथ 4 एक्सप्रेसवे तथा 58 नगर पालिकाओं को स्मार्ट सिटी बनाने के लक्ष्य के साथ साथ किसानों, महिलाओं, और समाज




के कमजोर वर्ग का भी बाखूबी ध्यान रखा गया है।

इसके अलावा पर्यटन और विशेष रूप से धार्मिक स्थलों के विकास के लिए भी कई अहम घोषणाएं की गई है।

इस एतिहासिक एवं विशाल बजट से सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की यह बात भी सार्थक होती दिख रही है। जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर तक पहुचाने का संकल्प लिया है। संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रदेश को चार एक्सप्रेसवे ओर मिलने से उधोग जगत को राहत और नवीन अवसर प्राप्त होंगे।

# वॉकिंग ट्रैक पर हुई पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी से दैनिक करंट क्राइम की मुलाकात

## बोले- बेटे को सियासत में करेंगे स्थापित और अब खुद नहीं लड़ेंगे चुनाव



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के पुराने स्थापित नेताओं की बात की जाए तो पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी का नाम आता है। वो एक ऐसे नेता हैं जिनकी तीन पीढ़ियों का सियासत से नाता है। वो सियासत के पुराने बड़े और मंझे हुए खिलाड़ी हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि वो राजनीति के सारे पराक्रम को जानते हैं। वो जनता के बीच रहकर राजनीति करते हैं। वो भले ही चुनाव हार गए लेकिन उनका अंदाज लोगों के दिलों को जीतता है। जनता के बीच रहकर राजनीति करते हैं। सुख में साथ हैं, दुख में साथ हैं। वो शादी के बैंक्वेट हॉल में नजर आते हैं तो हिंडन मौक्ष स्थल पर भी अपनों के गम में उनकी मौजूदगी रहती है। सुरेंद्र मुन्नी स्वास्थ्य को लेकर भी जागरूक रहते हैं। दैनिक करंट क्राइम की नजर उन पर उस समय पड़ी जब वह नेहरू स्टेडियम में जा रहे थे। ये हैरानी का विषय था क्योंकि सुरेंद्र मुन्नी क्रिकेट भी नहीं खेलते हैं और स्टेडियम का उनसे क्या नाता है यह जानने के लिये करंट क्राइम ने स्टेडियम में प्रवेश किया। यहां पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी ने स्टेडियम के ट्रैक पर अपनी रफ्तार बढ़ा दी थी। उन्होंने एक घंटा पैदल चलकर स्टेडियम के 10 चक्कर लगाए। दैनिक करंट क्राइम की जब उनके बात हुई तो ये पता चला कि उन्होंने सियासत से सन्यास नहीं लिया है, लेकिन अब वो सियासी पिच पर बल्लेबाजी करने के



मूड में नहीं हैं। जब उनसे चुनाव लड़ने के संबंध में बात हुई तो उन्होंने कहा कि ना तो मैं सन्यास ले रहा हूं और ना ही राजनीति से सन्यास ले रहा हूं, लेकिन अब मैं चुनावी राजनीति से खुद को अलग कर रहा हूं। सामाजिक सरोकारों के साथ राजनीतिक सरोकार भी रहेंगे। जब बात भविष्य की राजनीति की आई तो सुरेंद्र मुन्नी ने कहा कि अब वह अपने पुत्र प्रशांत कौशिक को सियासत में मजबूत करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह भविष्य में कोई चुनाव नहीं लड़ेंगे। राजनीति के अपने अनुभव को वो अपने पुत्र प्रशांत कौशिक के जरूर बताएंगे। जनता की सेवा में सुचितापूर्ण जीवन के साथ कैसे रहा जाता है ये सिखाएंगे।

### आदर्श राजनीतिक परिवार के सियासी वारिस हैं प्रशांत कौशिक



**करंट क्राइम।** अगर प्रशांत कौशिक की बात की जाए तो वो गाजियाबाद के पहले आदर्श राजनीतिक विचारधारा परिवार के वंशज हैं। एक ऐसे परिवार से आते हैं जिनकी छवि हमेशा बेदाग रही है। जिनके पुर्खों की मिसालें राजनीति में दी जाती है। जिनके पिता का सियासी करियर बेदाग रहा और प्रशांत कौशिक भी अपनी उसी छवि के साथ सामजिक और राजनीतिक जीवन में आ रहे हैं। प्रशांत कौशिक को सियासत और संस्कार दोनों ही विरासत में मिले हैं। उनके दादा पूर्व विधायक स्व. प्यारेलाल शर्मा गाजियाबाद की बड़ी सियासी हस्ती रहे हैं। वो उन नेताओं में हैं जिनकी ज्वाइनिंग कराने स्वयं राम मनोहर लोहिया आए थे। ईमानदारी और सादगी की मिसाल उनके नाम से आज भी दी जाती है। उन्हें जननेता कहा जाता है और प्यारेलाल शर्मा की सियासी विरासत को उनके पुत्र पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी ने संभाला। बड़ी बात है कि पूरी उम्र सियासत में रहने के बाद भी सुरेंद्र मुन्नी ने हमेशा खुद को विवाद से दूर रखा, वो जनता के नेता रहे और हमेशा स्वच्छ छवि के साथ राजनीति की है। इसी परिवार के प्रशांत कौशिक ने भी ये संस्कार विरासत में संभाले हैं। वो सौम्य स्वभाव के नेता हैं। मुस्कराकर मिलना और विनम्रता से बात करना उनके व्यक्तित्व का हिस्सा है। सियासत की समझ उन्हें विरासत में मिली है। राजनीतिक मुद्दों से लेकर सामाजिक मुद्दों पर उनकी राय आती है। पूर्व विधायक प्यारे लाल शर्मा के पौत्र और पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी के सुपुत्र प्रशांत कौशिक राजनीति में युवाओं के उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं जो शिक्षित, संस्कारी और सेवाभाव के साथ राजनीति के क्षेत्र में आ रहे हैं।

### ये प्रशांत की जिम्मेदारी, वो कौन से दल से शुरू करेंगे पारी

**करंट क्राइम।** पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी उन राजनेताओं में हैं जिनकी जीवनशैली, कार्यशैली पारदर्शितापूर्ण रही है, गैर विवादित छवि रही है। जब बात उनके पुत्र को लेकर चली तो सुरेंद्र मुन्नी ने स्पष्ट किया कि हमारा काम जन सरोकार की नैतिक शिक्षा देना है। हम सिद्धांतों के राजनीति के संस्कार देंगे। जहां तक बात प्रशांत कौशिक की सियासी विचारधारा की बात है और वो कौन से दल में जाना चाहते हैं यह फैसला उन्हीं पर छोड़ा है। उन्होंने कहा कि युवा राजनीति के हर पहलू को जानते हैं, समझते हैं। मुझे विश्वास है कि प्रशांत कौशिक भी संस्कृति, संस्कार और राजनीतिक विचारधारा के साथ अपनी राजनीति की पारी का आगाज करेंगे। वो कौन से दल से पारी की शुरूआत करेंगे यह उन्हीं पर छोड़ा है।

## संपादकीय

# रिश्तों में करीबी

कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमाद अल-थानी की दो दिवसीय भारत यात्रा ने बदलते अंतरराष्ट्रीय समीकरणों के बीच दोनों देशों की बढ़ती करीबी को दिखाया है। उनकी इस यात्रा को भारत में कितनी अहमियत दी गई, यह इसी से स्पष्ट था कि उन्हें रिसीव करने खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एयरपोर्ट गए थे।

अनिश्चितता के हालात यह यात्रा ऐसे समय हुई, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की घोषणाओं से न केवल अंतरराष्ट्रीय व्यापार के समीकरणों को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बन रही है बल्कि पश्चिम एशिया में भी नाजुक हालात हो गए हैं। ध्यान रहे कतर, इस्राइल और हमास के बीच मध्यस्थ की भूमिका में रहा है और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के गाजा को खाली कराने संबंधी बयान को लेकर वह असहज है। ऐसे में महत्वपूर्ण है कि मंगलवार को जहां कतर के विदेश मंत्रालय ने कहा कि गाजा के भविष्य का फैसला फलस्तीनी करेंगे, वहीं भारत ने भी फलस्तीन के मुद्दे पर टू स्टेट सॉल्यूशन के फॉम्युर्ले को अपना समर्थन दोहराया।

रणनीतिक साझेदारी इसी संदर्भ में यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत और कतर ने अपने रिश्तों को रणनीतिक साझेदारी का रूप दे दिया है। हाल के वर्षों में खाड़ी देशों के साथ भारत के रिश्तों में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल के देशों में सऊदी अरब, यूएई, ओमान और कुवैत के बाद कतर पांचवां देश है, जिसके साथ भारत ने रणनीतिक साझेदारी समझौता किया है।

सहयोग बढ़ाने पर सहमति दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को अगले पांच साल में दोगुना करने और कतर की ओर से भारत में 10 बिलियन डॉलर का निवेश करने का फैसला तो किया ही है, देशों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते पर हो रही प्रगति से अलग द्विपक्षीय स्तर पर भी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। यही नहीं, दोनों देशों ने सीमा पार आतंकवाद समेत सभी तरह के आतंकवाद की निंदा करते हुए उस पर एकजुटता दिखाई।

बेहतर भविष्य की ओर ध्यान रहे, भारत और कतर के रिश्तों में यह बेहतरी अचानक नहीं आई है। वहां करीब 7 लाख प्रवासी भारतीय रहते हैं जो कतर की कुल आबादी का लगभग 25 फीसदी हिस्सा है। दोनों देशों के बीच करीबी सहयोग न केवल द्विपक्षीय हितों के लिहाज से महत्वपूर्ण है बल्कि वैश्विक विवादों को सुलझाने में भी सकारात्मक योगदान कर सकता है।

## रोचक तथ्यों का करंट



- अंतरिक्ष यात्री के मुताबिक, अंतरिक्ष में स्टेक, गर्म धातु और वेल्डेंग फोम की तरह खुशबू आ रही है।
- अंतरिक्ष सूट को बनाने में 12 मिलियन डॉलर खर्च होते हैं।
- अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण बल न होने से इंसान की रीढ़ की हड्डी को पृथ्वी पर होने वाले खिंचाव से छुटकारा मिल जाता है अंतरिक्ष यात्री रीढ़ की हड्डी को सीधा करता है तो उसकी लम्बाई 2.25 इंच तक बढ़ जाती है।
- साल 1984 में अमेरिकी एस्ट्रोनॉट ब्रूस मैक्कैंड्लेस यान से निकलकर अंतरिक्ष में विचरण करने वाले पहले मानव बने। वे चैलेंजर नामक अंतरिक्ष यान से बाहर निकलकर 300 फुट तक चले थे। ब्रूस यूएस नेवी में फाइटर पायलट भी रह चुके हैं।
- साल 1 9 62 में, अमेरिका ने अंतरिक्ष में एक हाइड्रोजन बम को उड़ा दिया जो हिरोशिमा से 100 गुना अधिक शक्तिशाली था।
- स्पेस में जाने वाले एस्ट्रोनॉट वहां पाद नहीं सकते, क्योंकि वहां गुरुत्व नहीं है, जो पेट में द्रव्य को गैस से अलग कर सके।
- 23 अप्रैल, 1967 को सोवियत कॉस्मोनॉट व्लादिमीर कोमारोव अंतरिक्ष की अपनी दूसरी यात्रा के दौरान वापसी में स्पेसक्राफ्ट के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर मारे गए थे।

## राशिफल

**मेष:** इनकम कम और खर्च ज्यादा होगा। आज इलेक्ट्रॉनिक चीजों पर अचानक खर्च करना पड़ सकता है। आज कोर्ट-कचहरी के मामलों में अड़चने आ सकती हैं।

**वृष:** लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए अनुकूल दिन है। आज आप जीवनसाथी के निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे।

**मिथुन:** दिन की शुरूआत में चीजें योजना के अनुसार घटित नहीं हो पाएंगी, किन्तु आप घटनाओं पर कैसे प्रतिक्रिया करते हैं, यह अत्याधिक महत्वपूर्ण है।

**कर्क:** नौकरी पेशा वाले लोगों का ट्रांसफर कहीं दूर हो सकता है। इस वजह से आपको अचानक नई परेशानियों और समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह:** आज करियर के विषय में कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। उत्साह और चौकसी का गुण किसी भी कार्य को बेहतर रूप से संपन्न करवाने में मदद करेगा।

**कन्या:** आज किस्मत आपका साथ देगी और जटिल समस्याओं का समाधान मिल सकता है। परियोजनाएं जो रुकी हुई थी अब वह गति पकड़ सकती हैं।

**तुला:** आज आपका दिन शानदार रहेगा। किसी बड़ी शख्सियत से आज आपकी मुलाकात होगी। ऑफिस के काम से आपको विदेश जाना पड़ सकता है।

**वृश्चिक:** आज व्यावसायिक लाभ से मन प्रसन्न रहेगा। आज अच्छी आदतें और नियम में रहना आपके लिए लाभकारी होगा।

**धनु:** वित्तीय रूप से दिन अच्छा नहीं रहेगा। आज का दिन निवेश आपके लिए समस्याएं पैदा कर सकता है। किसी जानकार से सलाह लेना आपके लिए बेहतर रहेगा।

**मकर:** आज आपको व्यापार के मामलों में अचानक फायदा हो सकता है। आज आपका आत्मविश्वास पहले की अपेक्षा मजबूत रहेगा।

**कुंभ:** आज का दिन भाग दौड़ भरा हो सकता है। आज आपको घर वालों व मित्रों के नकारात्मक स्वभाव को लेकर आपको थोड़ा सतर्क रहना चाहिए।

**मीन:** आज का दिन खुशियां लेकर आया है। जिसका आपको लम्बे समय से इंतजार था वो आज पूरे हो जाएंगे। आज आप किसी नए व्यवसाय को शुरू कर सकते हैं।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी सेंसेक्स 203 अंक टूटा, निफ्टी भी कमजोर




**नई दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ के खतरों, कमजोर एशियाई बाजारों और विदेशी फंडों के निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित होने के कारण बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गुरुवार को तीसरे दिन भी के साथ बंद हुए। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 203.22 अंक या 0.27 प्रतिशत गिरकर 75,735.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 476.17 अंक या 0.62 प्रतिशत गिरकर 75,463.01 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 19.75 अंक या 0.09 प्रतिशत गिरकर 22,913.15 पर आ गया। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में बिकवाली से भी प्रमुख सूचकांक नीचे आए।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, भारतीय वस्तुओं पर संभावित अमेरिकी टैरिफ को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण घरेलू इक्विटी सूचकांकों में मामूली गिरावट देखी गई। इसके अतिरिक्त अमेरिका की प्रस्तावित व्यापार नीति से मुद्रास्फीति संबंधी दबाव बढ़ने की उम्मीद है। फेड के नवीनतम मिनटों से संकेत मिलता है कि ब्याज दरों में कटौती में देरी हो सकती है। एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग नकारात्मक दायरे में बंद एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग नकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोपीय बाजार अधिकतर तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक दायरे में बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.08 प्रतिशत बढ़कर 76.10 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बुधवार को सेंसेक्स 28.21 अंक या 0.04 प्रतिशत गिरकर 75,939.18 पर बंद हुआ। निफ्टी 12.40 अंक या 0.05 प्रतिशत गिरकर 22,932.90 पर बंद हुआ।

डॉलर के मुकाबले रुपया 33 पैसे मजबूत हुआ दूसरी ओर, विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा के कमजोर होने से गुरुवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 33 पैसे मजबूत होकर 86.65 (अनंतिम) पर बंद हुआ।

### एफआईआई ने बुधवार को 1881 करोड़ रुपये के शेयर बेचे

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एचडीएफसी बैंक, मारुति, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस सबसे ज्यादा गिरावट में रहे। एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील और इंडसइंड बैंक लाभ में रहे। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने एक दिन की राहत के बाद बुधवार को 1,881.30 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची।

# एअर इंडिया ने लुफ्थांसा के साथ कोडशेयर साझेदारी का किया विस्तार

**नई दिल्ली।** निजी विमानन कंपनी एअर इंडिया ने गुरुवार को लुफ्थांसा समूह के साथ अपनी कोडशेयर साझेदारी के विस्तार की घोषणा की, जिसके तहत भारत के 12 शहरों और यूरोप के 26 शहरों में 60 अतिरिक्त मार्गों पर सेवाएं दी जाएंगी। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा कि इस विस्तार के हिस्से के रूप में, उसने ऑस्ट्रियन एयरलाइंस के साथ एक नया कोडशेयर समझौता किया है और लुफ्थांसा और स्विस इंटरनेशनल एयरलाइन्स (एसडब्ल्यूआईएसएस) के साथ अपने मौजूदा कोडशेयर समझौतों का विस्तार किया है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने कहा कि वह अब अपने ग्राहकों को यूरोप में कुल 26 गंतव्यों और यूरोप में अपने गेटवे (फ्रैंकफर्ट, वियना और ज्यूरिख) से अलग अमेरिका में तीन गंतव्यों तक सेवाओं की पेशकश करेगी। पहली बार ऑस्ट्रियन एयरलाइंस सहित लुफ्थांसा समूह की एयरलाइनों की ओर से संचालित कुछ सेवाओं पर 'एआई' पदनाम कोड रखा गया है। एअर इंडिया




और लुफ्थांसा समूह की तीन एयरलाइन्स कंपनियां स्टार एलायंस की सदस्य हैं। कोडशेयर मार्गों की कुल संख्या 55 से बढ़कर लगभग 100 हो जाएगी बयान में कहा गया है कि विस्तारित समझौतों से एअर इंडिया, लुफ्थांसा और स्विस के बीच कोडशेयर मार्गों की कुल संख्या 55 से बढ़कर लगभग 100 हो जाएगी।

# मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन का कार्यकाल मार्च 2027 तक बढ़ा



**नई दिल्ली।** सरकार ने गुरुवार को मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंथा नागेश्वरन का कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ाकर मार्च 2027 तक कर दिया। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अनुबंध के आधार पर नागेश्वरन के कार्यकाल को 31 मार्च 2027 तक के लिए मंजूरी दे दी है।

नागेश्वरन ने 28 जनवरी, 2022 को सरकार द्वारा सीईए का पदभार ग्रहण किया था। सीईए का कार्यालय विभिन्न आर्थिक नीतियों पर सरकार को सलाह देने और केंद्रीय बजट से एक दिन पहले संसद में पेश किए जाने वाले आर्थिक सर्वेक्षण का मसौदा तैयार करता है। क्रेडिट सुइस ग्रुप एजी और जूलियस बेयर ग्रुप के पूर्व कार्यकारी और शिक्षाविद नागेश्वरन ने मुख्य आर्थिक सलाहकार के रूप में केवी सुब्रमण्यन का स्थान लिया था।

नागेश्वरन के कार्यकाल का विस्तार आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के कुछ सप्ताह बाद आया ही है। इस सर्वेक्षण में एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में नरमी के संकेत के बीच अगले वित्त वर्ष के लिए 6.3-6.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। सरकार के अग्रिम अनुमान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

सीईए का पदभार संभालने से पहले नागेश्वरन ने एक लेखक, शिक्षक और सलाहकार के रूप में काम किया है। वह 2019 से 2021 तक प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अंशकालिक सदस्य भी रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने भारत और सिंगापुर में कई बिजनेस स्कूलों और प्रबंधन संस्थानों में पढ़ाया है और व्यापक रूप से लेख प्रकाशित किए हैं। नागेश्वरन के पास भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद से प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (एमबीए) की डिग्री है। उन्होंने विनिमय दरों के अनुभवजन्य व्यवहार पर अपने काम के लिए 1994 में मैसाचुसेट्स विश्वविद्यालय से वित्त में डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त की। वह आईएफएमआर ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस के डीन और क्रेआ विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रतिष्ठित विजिटिंग प्रोफेसर थे।

# पंजाब नेशनल बैंक ने खुदरा ऋणों की ब्याज दरें 25 आधार अंक घटाई

## रेपो रेट में कटौती के बाद लिया फैसला




**नई दिल्ली।** ब्याज दरों में कटौती के बाद, पीएनबी ने विभिन्न योजनाओं के तहत होम लोन की दर को संशोधित कर 8.15 प्रतिशत कर दिया है। बैंक ने कहा कि ग्राहक 31 मार्च, 2025 तक अग्रिम प्रसंस्करण शुल्क और दस्तावेजीकरण शुल्क की पूरी छूट का लाभ उठा सकते हैं। पीएनबी ने कहा है कि होम लोन की ब्याज दर 8.15 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होती है, जिसकी मासिक किस्त करीब 744 रुपये प्रति लाख होती है। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक ने खुदरा ऋणों की ब्याज दरें 25 आधार अंकों (बीपीएस) तक घटाने का एलान किया है। इन ऋणों में आवासीय और ऑटो लोन शामिल हैं।

होम, कार, शिक्षा और व्यक्तिगत ऋणों की ब्याज दरों में बदलाव पीएनबी ने अपने एक बयान में कहा, जिन उत्पादों के ब्याज दरों में रियायत दी गई है, उनमें होम लोन, कार लोन, शिक्षा और व्यक्तिगत ऋण शामिल हैं, ताकि ग्राहकों को वित्तपोषण के विविधतापूर्ण विकल्प मिल सके। भारतीय रिजर्व बैंक ने पांच वर्षों के अंतराल के बाद इसी महीने 07 फरवरी को रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कटौती कर इसे 6.50 प्रतिशत से घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया है।

### होम लोन की दर घटाकर 8.15% की गई

ब्याज दरों में कटौती के बाद, पीएनबी ने विभिन्न योजनाओं के तहत होम लोन की दर को संशोधित कर 8.15 प्रतिशत कर दिया है। बैंक ने कहा कि ग्राहक 31 मार्च, 2025 तक अग्रिम प्रसंस्करण शुल्क और दस्तावेजीकरण शुल्क की पूरी छूट का लाभ उठा सकते हैं। इसमें कहा गया है कि पारंपरिक आवास ऋण योजना में ब्याज दर 8.15 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होती है तथा मासिक किस्त 744 रुपये प्रति लाख है।

### ऑटो लोन की ब्याज दर 8.50% से होगी शुरू

ऑटो लोन के बारे में कहा गया है कि नई और पुरानी दोनों कारों के वित्तपोषण के लिए ब्याज दर 8.50 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होती है और ईएमआई 1,240 रुपये प्रति लाख जितनी कम है। सतत गतिशीलता को बढ़ावा देने के लिए, पीएनबी 8.50 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होने वाली ब्याज दर में 0.05 प्रतिशत की रियायत और 1,240 रुपये प्रति लाख की शुरूआती ईएमआई की पेशकश कर रहा है। इसमें कहा गया है कि ग्राहक 120 महीने तक की लंबी पुनर्भुगतान अवधि का लाभ उठा सकते हैं और एक्स-शोरूम कीमत का 100 प्रतिशत वित्तपोषण का आनंद ले सकते हैं। शिक्षा ऋण के मामले में न्यूनतम कार्ड दर घटाकर 7.85 प्रतिशत प्रति वर्ष कर दी गई है।

### ग्राहक डिजिटल प्रक्रिया के जरिए ले सकेंगे 20 लाख रुपये तक का पर्सनल लोन

डिजिटल प्रक्रिया के जरिए 20 लाख रुपये तक का व्यक्तिगत ऋण प्राप्त कर सकते हैं, जिससे शाखा में जाने या कागजी कार्रवाई की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। संशोधित दर 11.25 प्रतिशत से शुरू होगी। पीएनबी ने कहा कि नई दरें 10 फरवरी से प्रभावी होंगी। इस महीने की शुरूआत में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने आरबीआई की नीतिगत दर कटौती के अनुरूप आवास सहित खुदरा ऋणों पर ब्याज दर में 25 आधार अंकों की कटौती की थी।

## चुटकुले

गर्लफ्रेंड- क्या तुम मुझसे प्यार करते हो...?
बॉयफ्रेंड- हां...!
गर्लफ्रेंड- लेकिन तुम्हें तो मेरी कोई परवाह ही नहीं है...!
बॉयफ्रेंड- प्यार करने वाले किसी की परवाह नहीं करते...!

पति दारू पीकर रात को घर देरी से पहुंचा, तो पत्नी हाथ में झाड़ू लेकर सामने खड़ी थी...!
पति - कितना काम करेगी तू...? ला ये झाड़ू मुझे दे दे, रात के दो बजे हैं, सोना नहीं है क्या...? कुछ तो अपना ख्याल कर पगली...!
ये सुनकर बेचारी पत्नी की आंखों में आंसू आ गए...!

पड़ोसन- आपके बर्तन बड़े चमक रहे हैं...!
धोने के लिए किसका इस्तेमाल करती हैं...?
महिला- पति का...!




दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# अर्थव्यवस्था को रफ्तार और आमजन को राहत देने वाला बजट : डॉ. श्वेता चौधरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने उत्तर प्रदेश के वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। बजट का आकार 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 06 लाख रुपये है जो वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने भारी भरकम बजट पेश किया, जो प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। वित्त मंत्री ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए बजट पेश करते हुए कई बड़े ऐलान किए, जिसमें मेधावी छात्राओं को पात्रता के आधार पर स्कूटी देना, युवाओं को ब्याजमुक्त लोन देना, 58 नगरपालिकाओं को स्मार्ट सिटी बनाना, चार नए एक्सप्रेसवे का निर्माण करना आदि शामिल रहा.

युवाओं को नौकरियों के साथ स्टार्टअप और उद्योग के लिए ब्याजमुक्त लोन देने का प्रावधान किया गया है। साथ ही छात्राओं को स्कूटी देने का प्रावधान किया गया है। साथ ही प्रदेश में यातायात को सुगम करने के लिए चार नए एक्सप्रेसवे का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा राजकीय एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/चिकित्सा संस्थानों/विश्वविद्यालयों स्थापित करने के लिए भी बजट में व्यवस्था की गई है। इस बजट से बेरोजगारी पर काफी प्रभाव पड़ेगा, ब्याज मुक्त लोन से व्यापार को बढ़ावा मिलेगा

इस बजट से विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण घोषणाओं की है जो अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने और आम जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से हैं. बजट में कई प्रमुख बिंदुओं पर ध्यान दिया है। इस बजट के लिए हम वर्तमान सरकार से आस्वस्त है और बधाई की पात्र है। भविष्य की योजनाओं को लेकर सरकार और जनता के बीच अपना विश्वास मजबूत करेगी । बजट की सात प्राथमिकताएं 'सप्तऋषि'। इनमें शामिल हैं: समावेशी विकास, अंतिम छोर-अंतिम व्यक्ति तक पहुंच, बुनियादी ढांचा और निवेश, निहित क्षमताओं का विस्तार, हरित विकास, युवा शक्ति तथा वित्तीय क्षेत्र सरकार ने सभी को लाभ पहुँचाने की कोशिश की है ।

# तरुण कुमार निर्विरोध बने डॉ. बी. आर. अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति के महासचिव

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डॉ. बी. आर. अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति महानगर गाजियाबाद में आगामी 14 अप्रैल 2025 को बाबा साहेब की जयंती को हर वर्ष की भांति भव्य रूप से बनाये जाने के लिए इस वर्ष 2025-26 आयोजन समिति के चुनाव दिनांक 23.02.2025 हेतु आज नामांकन का अंतिम दिन पूरा हुआ और रोचक बात यह रही कि डॉ० बी. आर. अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति महानगर गाजियाबाद में वर्ष 2025-26 आयोजन हेतु सिहानी निवासी तरुण कुमार पुत्र श्रीनिवास के विपक्ष में किसी अन्य प्रत्याशी द्वारा नामांकन नही किये जाने के कारण तरुण कुमार को निर्विरोध समिति का महासचिव चुन लिया गया है तरुण कुमार के नामांकन में घुकना निवासी गजेन्द्र सिंह (विधि विशेषज्ञ) एवं प्राणगाढ़ी निवासी शेर सिंह जी प्रस्तावक रहे। इस मौके पर तरुण कुमार ने बुद्ध भगवान एवं बाबा साहेब के चरणों मे पुष्प अर्पित करते हुए सभी आजीवन सदस्यों व निर्वाचन समिति का आभार व्यक्त करते हुए समिति में भ्रष्टाचार खत्म करने व पारदर्शिता बनाने एवं दलित महापुरुषों के सम्मान के लिए कार्य करते रहने की प्रतिज्ञा लेकर उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जय सिंह गौतम व घुकना निवासी गजेन्द्र सिंह (विधि विशेषज्ञ), रामेश्वर दत्त एड , शेर सिंह एड, हरस्वरुप ठेकेदार, कमलेश कुमारी एड, ललित दास,राहुल सिंह, गंगासरण बबलू,वीर सिंह जी पूर्व पार्षद विजयनगर,पंकज तेजानिया, आशीष प्रेमी, विजेंद्र सिंह पहलवान, जुगनू गौतम, अध्यक्ष पद प्रत्याशी विजय बोद्ध, गौरव प्रधान (लेखा परिक्षक) आदि मौजूद रहे।

# एनईसी शो जंपिंग में तेजस ढींगरा ने खिताब का बचाव किया, 16 अंकों के साथ जीत सुनिश्चित की

**मेरठ।** ढींगरा ने चैंपियनशिप टूर में 16 अंकों के साथ अपनी जीत सुनिश्चित की। वह टार्क घुड़सवारी सेंटर के अमर सरीन और ईजीसी स्टेबल्स के आश्रय बुट्टा से आगे रहे, जिन्होंने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया।

बीया राइडिंग फैसिलिटी के तेजस ढींगरा ने रविवार को मेरठ की मोदी घुड़सवारी अकादमी में आयोजित राष्ट्रीय घुड़सवारी चैंपियनशिप (शो जंपिंग) 2024-25 में जीत के साथ अपने राष्ट्रीय चैंपियनशिप खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। ढींगरा ने चैंपियनशिप टूर में 16 अंकों के साथ अपनी जीत सुनिश्चित की। वह टार्क घुड़सवारी सेंटर के अमर सरीन और ईजीसी स्टेबल्स के आश्रय बुट्टा से आगे रहे, जिन्होंने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया।



## यशान जुबिन भी चमके

टार्क घुड़सवारी सेंटर के यशान जुबिन खंबाटा के लिए यह दोहरी खुशी का क्षण था, जिन्होंने नोविस और मीडियम दोनों टूर में जीत हासिल की। सेहज सिंह विर्क और अभिषेक चोपड़ा ने मीडियम टूर में दूसरा स्थान साझा किया, जबकि नारायण सिंह नोविस टूर के लिए यशान के साथ पोडियम पर शामिल हुए। वहीं, शनिवार को प्रीलिमिनरी टूर व्यक्तिगत फाइनल में मोदी घुड़सवारी स्टेबल्स के अविक भाटिया ने 31.02 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता।

# पत्नी को चाकू व कांच की बोतल से वार कर मौत के घाट उतारा

## पुलिस ने चौबीस घंटे में आरोपी हत्यारे को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**लोनी।** अपनी ही पत्नी को बेरहमी से चाकू व कांच की वोतल से वार कर मौत के घाट उतार दिया। मृतिका के भाई आसिफ गुराना बडौत निवासी ने हत्या की रिपोर्ट कराई थी। पुलिस ने चौबीस घंटे में आरोपी हत्यारे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

एसीपी सलौनी अग्रवाल ने बताया कि वुधवार को शमशाद पुत्र शमशेर निवासी पंसौडा अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था इसी बात को लेकर आए दिन विवाद होता रहता था शमशाद का आरोप है कि उसकी पत्नी बगैर बताए कई कई दिन के लिए कहीं चली जाती थी। ऐसा ही वुधवार को हुआ और दोनों में विवाद हो गया शमशाद 34 ने गुस्से में आकर पत्नी शहनाज 32 को सब्जी काटने वाले चाकू से वार कर दिया तथा कांच की वोतल तोडकर पेट में



वार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई पडोसियों को घटना की जानकारी हुई तो घायला को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलने पर शहनाज के मायके वाले पहुंचे और टीला मोड़ थाने में शमशाद के विरुध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई पुलिस ने मामले को गंभीरता से सज्ञान में लिया और कुछ ही घंटे में शमशाद को गिरफ्तार कर लिया गुरुवार को पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

# एसआरएम इंस्टीट्यूट में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** विज्ञान और अनुसंधान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक अहम कदम बढ़ाते हुए, एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के रसायन विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन का विषय विकसित भारत-2047 रासायनिक एवं जैविक विज्ञान के माध्यम से अप्राप्त तक पहुंच (वीबीसीबी)-2025 था, जो विज्ञान की ताकत से समाज के हर कोने तक विकास पहुंचाने के संकल्प को दर्शाता है। सम्मेलन की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद प्रो. डॉ. नवीन अहलावत ने सभी प्रतिभागियों और गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने विज्ञान और अनुसंधान में इस तरह के मंचों की



भूमिका पर जोर दिया। इसके बाद प्रो. डॉ. धौम्या भट्ट ने सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला, जबकि प्रो. आरपी महापात्रा ने विज्ञान और शिक्षा के आपसी संबंधों को रेखांकित किया। सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण जर्मनी के हम्बोल्ट यूनिवर्सिटीट जू बर्लिन के प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो. डॉ. क्रिस्टोफ एरेंज का संबोधन रहा, जिसमें उन्होंने रसायन विज्ञान में नवीनतम खोजों और उनकी सामाजिक उपयोगिता पर अपने विचार साझा किए। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. दुलाल पांडा ने उद्घाटन भाषण में विज्ञान को आम जनता तक पहुंचाने और नवाचार को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। सम्मेलन के अंत में डॉ. गरिमा पांडेयने सभी प्रतिभागियों, वक्ताओं और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। यह सम्मेलन विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग, नवाचार और नई संभावनाओं के द्वार खोलने का एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ, जो आने वाले वर्षों में भारतीय वैज्ञानिक जगत को और सशक्त बनाएगा। सम्मेलन में 500 से अधिक प्रतिनिधियों ने अपने शोध प्रस्तुत किए, जिसमें से 10 सर्वश्रेष्ठ पोस्टर और सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार दिया गया। सम्मेलन एएनआरएफ और सीएसआईआर द्वारा वित्तपोषित और एसीएसए आरएससीए थिएम, स्प्रिंगर और उवसार इंडिया द्वारा प्रायोजित किया गया। अंतराष्ट्रीय सम्मेलन को सफल बनाने में डॉ. रवि, डॉ. करिश्मा, डॉ. भावना, डॉ. अमिया, डॉ. प्रियंका, डॉ. पल्लवी व रसायन विज्ञान विभाग के सभी शिक्षकगणों का सराहनीय योगदान रहा।

## न्यूज डायरी

### चोरी की बाइक के साथ वाहन चोर गिरफ्तार




**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी बार्डर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो वाहन चोरों को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों चोरों को जेल भेज दिया है। एसीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गुलाब बटिका चौकी इलाके में चेकिंग अभियान चला रही थी कि इसी दौरान बाइक पर सवार दो व्यक्ति आए पुलिस ने उन्हे चेकिंग के लिए रोका पर वह पुलिस को चकमा देकर भागने का प्रयास करने लेकिन पुलिस ने उन्हे धर दबोचा। पूछतांछ करने पर दोनों शातिर वाहन चोर निकले दोनों ने अपने नाम सोनू व आशू निवासी जबाहर नगर बताए तथा चोरी की बाइक बरामद कराई पुलिस कार्रवाई कर दोनों को जेल भेज दिया है ।

### गांव कलछीना में नकदी व जेवरात चोरी, रिपोर्ट दर्ज




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** चोर घर का ताला तोड़कर 15 हजार रुपए की नकदी व लाखों कीमत के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। गांव कलछीना निवासी सुनील कुमार ने बताया कि बदमाश मकान का ताला तोड़कर 15 हजार रुपए की नकदी व लाखों रुपए की कीमत के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी गई है।

### मामूली बात पर दबंग ने कार तोड़ी व चालक को पीटा



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मामूली विवाद के चलते दबंग ने कार का शीशा तोड़कर चालक को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थानान्तर्गत गांव रोरी निवासी अमरजीत सिंह बीती रात को कार में पेट्रोल भरवाकर वापस अपने घर जा रहे थे। जब वह बीच रास्ते पर पहुंचे तो एक युवक ने अचानक कर रोक ली और मारपीट करनी शुरू कर दी। इतना ही नहीं युवक ने कार का शीशा भी तोड़ दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अनुज राडा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### पुलिस ने दो माह से फरार चल रहे भूमाफिया को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**लोनी (करंट क्राइम)।** प्लाट देने के नाम पर लाखों रुपए हड़पने के आरोप में 14 दिसबंर को वादी गुलफाम द्वारा पांच भूमाफियाओं के विरुध ट्रानिका सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस आरोपी भूमाफियाओं को गिरफ्तार करने के लिए प्रयासरत थी। कि दो माह बाद एक भूमाफिया को निठौरा मार्ग से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है तथा वाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। एसीपी सूर्यवली मौर्य ने बताया कि गुलफाम पुत्र सिब्बे अली निवासी पावी सादकपुर ने मनोज कष्यप, कुलदीप, कपिल, सुखबीर व मीरहसन के विरुध ट्रानिका सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप था कि पांचों भूमाफिया है तथा गुलफाम से प्लाट देने के नाम पर नौ लाख 20 हजार रुपए घोखाधडी कर हड़प लिए जब उसे उसके साथ हुई ठगी की जानकारी हुई तो गुलफाम ने ट्रानिका सिटी थाने में पांचों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई पुलिस आरोपी भूमाफियाओं को गिरफ्तार करने के लिए प्रयासरत थी कि दो माह बाद तकनीकी प्रक्रिया के आधार पर गुरुवार को निठौरा मार्ग से मनोज को गिरफ्तार कर लिया तथा कार्रवाई कर जेल भेज दिया

# दिल्ली-एनसीआर में अबतक 100 से ज्यादा बैट्री चोरी करने वाले तीन चोर गिरफ्तार

## इंदिरापुरम पुलिस ने 16 बैट्रियां, चोरी के लिए इस्तेमाल कार और औजार किए बरामद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इंदिरापुरम पुलिस ने बीते दिनों वसुंधरा इलाके में एक के बाद एक कई सेक्टरों में अलग-अलग गाड़ियों से बैट्री चुराने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें प्रवेश, बिलाल और आसिफ हैं, यह सभी मुस्तफाबाद इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनसे चोरी हुई 16 बैट्रियां, चोरी करने के उपकरण और चोरी की घटना में इस्तेमाल कार भी बरामद की है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक कुमार श्रीवास्तव कहना है कि पकड़े गए चोर और कबाड्डी दिल्ली सहित एनसीआर में अब तक 100 से ज्यादा वाहनों की बैट्री चोरी कर चुके हैं। यह पहले कार से रेकी करते थे और फिर रात और दिन के समय वारदात को अंजाम देते हैं।





### सीसीटीवी फुटेज से हुई थी चोरों की गाड़ी की पहचान

**करंट क्राइम :** इंदिरापुरम पुलिस ने जहां कारों से बैट्री चोरी करने वाले गिरोह के तीन शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है। तो इनकी पहचान सीसीटीवी फुटेज से की गई थी। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी मदद लेते हुए चोरों के ठिकानों को खोज और फिर आरोपियों को मुखबिर की सूचना के बाद गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि यह वाहनों से बैट्री चोरी कर कबाड्डी की दुकान पर बेंच दिया करते थे और इससे जो पैसा मिलता था, उसे आपस में बांट लेते थे।

### दिल्ली और इंदिरापुरम में दर्ज हैं सभी पर मुकदमे

**करंट क्राइम :** इंदिरापुरम पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार परवेज पर दो मुकदमे दर्ज हैं। तो वहीं बिलाल पर दिल्ली में दो और गाजियाबाद में चोरी और आर्म्स एक्ट के पंच सहित कुल सात मुकदमे दर्ज हैं। इसके साथ ही आसिफ पर भी कुल तीन मुकदमे दर्ज हैं। यह गाड़ियों से बैट्री चोरी कर उन्हें कबाड्डी की दुकान पर बेचा करते थे।

# सीएम शपथ ग्रहण समारोह में कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए पूर्व अध्यक्ष राजन आर्य

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम दिल्ली रामलीला मैदान में शालीमार गार्डन मंडल के सभी कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए - पूर्व अध्यक्ष राजन आर्य। वरिष्ठ भाजपा नेता पवन रेड्डी, सोनू बंसल, सुरेश तिवारी, ठाकुर अशोक भाटी, गुरदास पाल, सोनू भाटी, मोनू राघव, सोनू राघव, सौरभ राठौर, सोनू पहलवान, रोहित सूद, दीपक दिवाकर, आदेश तिवारी, सुनील त्यागी, विपिन



झा, मनीष सैनी, राजू भट्ट सहित सभी कार्यकर्ता शामिल हुए।

# सुपर स्ट्राइकर्स ने डबल सुपरओवर में पलटी बाजी

**लखनऊ।** एलएलसी टेन 10 में आज से नॉकआउट राउंड की शुरूआत हो चुकी है। सुपर सिक्स के पहले मुकाबले में क्रिकेट का रोमांच चरम पर दिखा। सुपर स्ट्राइकर्स ने मेरठ इन्वेडर्स को डबल सुपर ओवर में हरा दिया। लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दोनों टीमों ने 10-10 ओवर के बाद 132 रन बनाए थे। इसके बाद पहले सुपर ओवर में भी दोनों टीमों ने एक जैसा स्कोर बनाया। फिर दूसरे सुपर में जाकर नतीजा निकला। सुपर सिक्स राउंड में तीन मैचों से टॉप-तीन टीमें तय होंगी और वे अगले राउंड में पहुंचेंगी। हारने वाली टीम का सफर यहीं समाप्त हो जाएगा। सुपर स्ट्राइकर्स की टीम ने सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ रन बनाए। जवाब में मेरठ की टीम भी



आठ रन ही बना सकी और दो विकेट गंवा दिए। इस तरह स्कोर बराबर रहा और मैच दूसरे सुपर ओवर में गया।

# नाबालिक के साथ दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक पड़ोसी युवक पर नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की बड़ी बहन ने जब उसके पेट के बढ़ने का कारण पूछा, तो मामले का खुलासा हुआ। 15 वर्षीय पीड़िता अपने पिता के साथ रहती है। उसकी मां की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। पीड़िता ने बताया कि पड़ोसी युवक काफी समय से उसके साथ रेप कर रहा था। आरोपी शादी का झांसा देकर यह कृत्य करता रहा। जब पीड़िता के परिवार को पता चला कि वह तीन माह की गर्भवती है, तो वे आरोपी पक्ष से मिले। आरोपी पक्ष ने गर्भपात के लिए दबाव बनाया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के पिता ने निवाड़ी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# विपरित दिशा से गाड़ी चलाने से मना करने पर युवकों ने टोल कर्मी को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** विपरित दिशा से गाड़ी लाने का विरोध करना टोल कर्मी को महंगा पड़ा। गाड़ी सवार आठ लोगों ने टोलकर्मी को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे से आरोपियों की शिनाख्त शुरू कर दी है। गांव कलछीना निवासी आमिर दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे पर टोल कर्मी है। आमिर की डयूटी एक्सप्रेस-वे पर गांव भोजपुर के पास टोल नम्बर छह लगी हुई है। आमिर ने बताया कि रात को टोल के पास लग्जरी गाड़ी विपरित दिशा से आ रही थी। जब चालक को विपरित दिशा से आने से मना किया तो वह आग बबुला हो गया। आरोप है कि गाड़ी से आठ नौ युवक उतरे और आमिर को मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट की यह घटना एक्सप्रेस-वे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में हो गई। पीड़ित ने इस संबंध में भोजपुर थाने में तहरीर दी है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई हैं, आरोपियों की शिनाख्त के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जाएगे।

# आयरलैंड के खिलाफ जीत का लक्ष्य लेकर उतरेगी भारतीय टीम, हरमनप्रीत और हार्दिक पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम हालांकि जर्मनी के खिलाफ 1झ4 से हार गई लेकिन अगले मैच में वह विश्व में चौथे नंबर की टीम को 1झ0 से पराजित करने में सफल रही। इस मैच में कप्तान हरमनप्रीत सिंह और हार्दिक सिंह ने चोट से उबरने के बाद वापसी की थी। लेकिन विश्व में पांचवें नंबर की भारतीय टीम विश्व में दसवें नंबर की आयरलैंड की टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर प्रतिबद्ध है।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम शुक्रवार को यहां एफआईएच प्रो लीग में जब आयरलैंड का सामना करेगी तो उसका लक्ष्य अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना और पेनल्टी कॉर्नर को भुनाना होगा। पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम का प्रदर्शन अभी तक उतार चढ़ाव वाला रहा है। उसे टूनार्मेंट के शुरू में स्पेन से 1झ3 हार का सामना करना पड़ा था लेकिन उसने इसी टीम को अगले मैच में 2झ0 से



पराजित करके अच्छी वापसी की थी।

भारतीय टीम हालांकि जर्मनी के खिलाफ 1झ4 से हार गई लेकिन अगले मैच में वह विश्व में चौथे नंबर की टीम को 1झ0 से पराजित करने में सफल रही। इस मैच में कप्तान हरमनप्रीत सिंह और हार्दिक सिंह ने चोट से उबरने के बाद वापसी की थी। लेकिन विश्व में पांचवें नंबर की भारतीय टीम विश्व में दसवें नंबर की आयरलैंड की टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर प्रतिबद्ध है। कप्तान हरमनप्रीत का मानना है कि टीम को अपने प्रदर्शन में निरंतरता लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, आगामी मैच हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं और हम इन मैच में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करेंगे। प्रत्येक मैच में सुधार की गुंजाइश होती है। हम जानते हैं कि आयरलैंड हमारे सामने कड़ी चुनौती पेश करेगा। भले ही उनकी टीम रैंकिंग में हमसे पीछे है लेकिन उसकी टीम कभी हार नहीं मानती और अपने प्रदर्शन से विरोधी टीम को हैरानी में डाल सकती है। इसलिए हम उन्हें कमजोर करके नहीं आंक सकते हैं।

पेनल्टी कार्नर को गोल में नहीं बदल पाना भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है और हरमनप्रीत ने भी इस बात को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, हमारा मुख्य ध्यान पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलना होगा। हमें इसमें सुधार करना होगा क्योंकि यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें हम संघर्ष कर रहे हैं। हमने मौके बनाए हैं लेकिन हमें उन्हें भुनाने के लिए बेहतर खेल दिखाना होगा। भारतीय टीम ने टूनार्मेंट के चार मैच में अभी तक 14 पेनल्टी कार्नर हासिल किए हैं लेकिन वह इनमें से एक को भी गोल में नहीं बदल पाई है।

# अंकित त्यागी के भाई के शुभ विवाह में पहुंचे गणमान्य



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अथर्व इंफ्राटेक के डायरेक्टर अंकित त्यागी के भाई का शुभ विवाह राजनगर एक्सटेंशन के गोल्डन व्यू रिजॉर्ट में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस विवाह समारोह में वर वधु को आशीर्वाद देने के लिए समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे। विवाह समारोह में फिल्म स्टार गुलशन ग्रोवर की मौजूदगी विशेष आकर्षण रही।

# तीनों जोन में चलाए गए विशेष अभियान में 588 लोगों को किया गिरफ्तार



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शहर में लगातार सार्वजनिक स्थानों पर मदिरापान की शिकायतें मिल रही थीं। राहगीरों को होने वाली परेशानी को देखते हुए पुलिस ने यह अभियान चलाया। जिसमें विशेष अभियान में 588 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में शराब के ठेकों के आसपास और सड़क किनारे विशेष जांच की गई। नगर जोन में सबसे ज्यादा 277 लोगों को पकड़ा गया। इनमें कोतवाली घंटाघर से 55, विजयनगर से 41, सिहानी गेट से 32, नंदग्राम से 54, कवि नगर से 48 और मधुबन बापूधाम से 47 लोग शामिल हैं। देहात जोन में 160 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें लोनी और ट्रॉनिका सिटी से 17-17, अंकुर विहार और लोनी बॉर्डर से 11-11, मसूरी से 18, मुरादनगर से 25, मोदीनगर से 6, निवाड़ी से 4, भोजपुर से 10, वेव सिटी से 12 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 29 लोग शामिल हैं। ट्रांस हिंडन क्षेत्र में 151 लोगों को पकड़ा गया। इनमें इंदिरापुरम से 36, कौशांबी से 24, खोड़ा से 8, साहिबाबाद से 20, लिंक रोड से 21, शालीमार गार्डन से 16 और टीला मोड़ से 26 लोग शामिल हैं। पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया। मेडिकल जांच के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत सभी का चालान किया गया।

# अवैध निर्माण पर कार्रवाई एचपीडीए ने 4 अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त



हापुड़ (करंट क्राइम)। प्राधिकरण ने अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने अभियान में 4 अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया और 4 अवैध भवनों को सील कर दिया। प्रभारी सचिव प्रवीण गुप्ता के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस बल की मौजूदगी में की गई इस कार्रवाई में सबसे बड़ी कार्रवाई किठौर-धनौरा क्षेत्र में की गई। यहां सत्य प्रकाश त्यागी की 7 हजार वर्ग मीटर और उपेन्द्र त्यागी की 10 हजार वर्ग मीटर की अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा, भूषण और सोनवीर की 10,000 वर्ग मीटर की अवैध प्लाटिंग, इंदु शर्मा, विशाल गोयल और मनोज शर्मा की 8,000 वर्ग मीटर की अवैध प्लाटिंग को भी ध्वस्त किया गया। प्राधिकरण ने चार अवैध भवनों को भी सील किया। इनमें फरियाद का 200 वर्ग मीटर का गोदाम, संजीव कुमार का 750 वर्ग मीटर का गोदाम, हरीश वर्मा का 125 वर्ग मीटर का भवन और सानू खान का 120 वर्ग मीटर का गोदाम शामिल हैं। सचिव ने अवैध निर्माणकताओं को चेतावनी दी है कि वे तत्काल अवैध निर्माण रोकें और प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराएं। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सीलिंग और ध्वस्तीकरण के साथ-साथ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़, जवाबी फायरिंग में एक को लगी गोली



नोएडा (करंट क्राइम)। पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान दो अन्य बदमाशों को गिरफ्तार किया। बिसरख पुलिस सोफिया नर्सरी के सामने तिराहे पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक ऑटो में तीन संदिग्ध दिखाई दिए। रुकने का इशारा करने पर वे नहीं रुके और एटीएस गोल चक्कर की तरफ भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाशों ने डबल पुलिया के पास ऑटो छोड़कर पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश घायल हो गया। उसकी पहचान बुलंदशहर के खुर्जानगर के देवीधाम कालोनी निवासी सुरेंद्र के रूप में हुई। कॉम्बिंग में पकड़े गए अन्य दो बदमाशों में कन्नौज के रोहित और मैनपुरी के अजय शामिल हैं। बदमाशों से एक देसी तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, 10 हजार रुपये और चोरी का सामान बरामद हुआ। घटना में प्रयुक्त ऑटो भी जब्त किया गया। डीसीपी शक्ति अवस्थी के अनुसार, पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वे खाली पड़े घरों की रेकी कर रात में चोरी करते थे। घायल बदमाश सुरेंद्र के खिलाफ बुलंदशहर, मेरठ और गौतमबुद्धनगर में चोरी और लूट के मामले दर्ज हैं। घायल को अस्पताल भेजा गया है। अन्य अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के शपथ ग्रहण समारोह में विशेष रूप से शामिल हुए श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संतों को प्रणाम किया तो कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों व उप मुख्मंत्रियों ने आशीर्वाद प्राप्त किया

गाजियाबाद, करंट क्राइम। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के शपथ ग्रहण समारोह ने एक नई मिसाल कायम की। समारोह के लिए दिल्ली संत महामंडल एनसीआर के अध्यक्ष, श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के अन्तर्राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह के लिए उन्हें प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से विशेष निमंत्रण दिया गया था। महाराजश्री के अतिरिक्त विश्व जागृति मिशन के संस्थापक आचार्य सुधांशु महाराज, आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद महाराज, जैन आचार्य लोकेश मुनि, दिल्ली संत महामंडल एनसीआर के महामंत्री महामंडलेश्वर नवल किशोर दास महाराज, संगठन मंत्री महंत कंचन गिरि, महंत धीरेंद्र पुरी कोषाध्यक्ष दिल्ली संत महामंडल कोतवाल महंत मंगल दास महाराज महाराज समेत 11 संतों को प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा विशेष






रूप से आमंत्रित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आदि मौजूद रहे। रेखा गुप्ता ने अपने मंत्रिमंडल के साथ शपथ लेने के बाद महाराजश्री, आचार्य सुधांशु महाराज, जैन आचार्य लोकेश मुनि सभी संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी संतों को प्रणाम किया तो वहीं कई राज्यों

> पीएमओ कार्यालय की ओर से महाराजश्री, आचार्य सुधांशु महाराज, जैन आचार्य लोकेश मुनि आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद महाराज समेत 11 संतों को विशेष निमंत्रण दिया गया था

के मुख्यमंत्रियों व उप मुख्यमंत्रियों समेत अन्य अतिथियों ने भी संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि संतों के आशीर्वाद से ही भाजपा को दिल्ली में जबरदस्त विजय मिली। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में संतों को विशेष रूप से आमंत्रित कर यह संदेश दिया है कि संत ही समाज का सही मार्ग दर्शन कर सकते हैं। संतों के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली का ऐतिहासिक विकास करेंगी और दिल्ली को विश्व का आदर्श महानगर बनाने में सफल होंगी।




## किन दो टू-स्टार की नहीं बन रही बात

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो कई थानों पर टू-स्टार जमे हुए हैं और कई ऐसे टू-स्टार हैं जो कभी खास अधिकारियों के साथ रहते थे। पर आजकल वह चौकी पर विराजमान हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्रों ने जानकारी दी है कि नदिया पार में दो टू-स्टारों के बीच आजकल मामला कुछ टेंशन वाला चलने की सूचना है। पुलिस के सूत्रों ने जानकारी दी है कि एक टू-स्टार इन दिनों दिल्ली से सटे एक खास थाने की हॉट सीट पर हैं। तो दूसरे उसी जोन में हॉट अधिकारी के खास कार्यालाय से आने वाले हैं। बताया जा रहा है वर्तमान में घड़ी और सहयोग ऐसा है कि दोनों एक ही थानाक्षेत्र में है और दोनों के बीच आजकल अनबन वाली स्थिति चल रही है। सूत्रों ने बताया है कि बीते दिनों एक ऐसा मामला फंसा जिसमें थानाध्यक्ष की अलग राय और चौकी प्रभारी की राय अलग चल रही थी। मामला अधिकारियों की मेज तक पहुंचा तो उसे शॉटआउट कराया गया। पर बताया जा रहा है कि दोनों के बीच के समीकरण अभी भी बन नहीं रहे हैं। दोनों का बैच भी एक ही सुनने में आ रहा है, पर जिस तरीके के हाल और हालात हैं, उससे कई तरीके की और सूचना मिल रही हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले नदिया पार के सूत्र बता रहे हैं कि थाने को संभालने वाले टू-स्टार आजकल अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों और मीडिया वालों से लेकर अपने बैच वालों को अपनी कहानी और किस सुनाने में लगे रहते हैं। सुनने में आया है कि कई कार्यालय में तो वह यह बता रहे हैं कि चाय भी खुद की व्यवस्था वाली ही पी रहे हैं। तो महकमें वाले सवाल उठ रहे हैं कि उनके इलाके में सबसे देर तक खुलने वाला अड्डा किसकी शह चल रहा है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि वैसे तो अभी दोनों टू-स्टार के बीच में मामला फ्रेंडली चल रहा है लेकिन इस फ्रेंडली मामले की चर्चा थानों और अधिकारियों के कार्यालय तक पहुंच रही है। जिसको लेकर खुद पुलिसकर्मियों के बीच भी कई तरीके की कानाफूंसी हो रही है। तो वहीं दिल्ली के सबसे नजदीक वाले थाने में स्थानीय जनप्रतिनिधि भी अब टू-स्टार से सीधा संपर्क नहीं रख रहे हैं। कुल मिलाकर देखना होगा कि अगर दोनों टू-स्टारों के बीच इसी तरीके से अनबन वाला माहौल चला, तो आने वाले दिनों में मामला और ज्यादा हाईलाइट हो सकता है।



# भाजपा सरकार ने बजट में सभी वर्गों का रखा है ध्यान : प्रवीण बसोया



गाजियाबाद, करंट क्राइम। सरकार ने युवाओं के लिए बजट के रूप में एक संजीवनी देने का कार्य किया है, भाजपा सरकार जहां सबका विकास सबका साथ का नारा लेकर चल रही है, इस बजट ने उसको और आगे बढ़ाया है, युवाओं को और अधिक रोजगार इस बजट के माध्यम से मिलेंगे। युवाओं को नौकरियों के साथ स्टार्टअप और उद्योग के लिए ब्याजमुक्त लोन देने का प्रवाधान किया गया है। साथ ही छात्राओं को स्कूटी देने का प्रावधान किया गया है। साथ ही प्रदेश में यातायात को सुगम करने के लिए चार नए एक्सप्रेसवे का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा राजकीय एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/चिकित्सा संस्थानों/विश्वविद्यालयों स्थापित करने के लिए भी बजट में व्यवस्था की गई है। इस बजट से बेरोजगारी पर काफी प्रभाव पड़ेगा, ब्याज मुक्त लोन से व्यापार को बढ़ावा मिलेगा जिससे लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उत्तर प्रदेश सरकार के इस बजट की में सरहाना करता हूं।

## महाकुंभ स्नान



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व महानगर अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल गाजियाबाद के रामानंद गोयल ने धर्मपत्नी के साथ महाकुंभ स्नान किया एवं महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि परिवार सहित कुंभ स्नान का सौभाग्य प्राप्त हुआ, मन धन्य हो गया।

# समाज के हर तबके के समावेशी विकास को समर्पित बजट : मंत्री नरेंद्र कश्यप

## बजट में पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए बड़ी योजनाएं

गाजियाबाद, करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत 2025-26 के बजट में पिछड़ा वर्ग कल्याण और दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि यह बजट समाज के हर तबके के समावेशी विकास को समर्पित है। सरकार ने पिछड़े वर्ग के छात्रों, निर्धन परिवारों, बेरोजगार युवाओं और दिव्यांगजनों के लिए कई योजनाओं की घोषणा की है, जो उनके जीवन स्तर को सुधारने में सहायक होंगी।



**पिछड़े वर्ग के छात्रों, युवाओं और निर्धन परिवारों को मिलेगी आर्थिक सहायता:** पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत 2825 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

निर्धन परिवारों की बेटियों के विवाह अनुदान योजना के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बेरोजगार युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 35 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।

**दिव्यांगजन के सशक्तिकरण के लिए अनुदान और सुविधाओं का विस्तार** :दिव्यांगजन सशक्तिकरण के तहत भरण-पोषण अनुदान योजना में 1424 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को कृत्रिम श्रवण सहायक यंत्र आदि प्रदान करने के लिए 35 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। असहाय दिव्यांग व्यक्तियों के इलाज हेतु अनुदान योजना के लिए 10 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, 3 से 7 वर्ष के श्रवणबाधित, मानसिक मंदित और दृष्टिबाधित बच्चों के लिए 18 मंडलों में बचपन डे केयर सेंटर संचालित किए जा रहे हैं, ताकि उनकी प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल सुनिश्चित की जा सके।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि यह बजट समाज के सभी वर्गों को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है। सरकार की प्रतिबद्धता है कि हर जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और उनका सामाजिक-आर्थिक उत्थान हो।

# सड़क हादसे में घायल स्कूटी सवार की उपचार के दौरान मौत

मोदीनगर, करंट क्राइम। दस दिन पहले हुए सड़क हादसे में स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर टक्कर मारने वाले वाहन वाहन की तलाश शुरू कर दी है। कस्बा पतला निवासी सत्यवीर सिंह गंगनहर पटरी मार्ग से मुरादनगर से कस्बा पतला आ रहे थे। जब वह गंगनहर पटरी पर गांव पैगा के पास पहुंचे तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी सवार उछलकर काफी दूर जा गिरे। हादसे में सत्यवीर सिंह गंभीर रुप से घायल हो गए और उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें मेरठ भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

# भाजपा है तो सब कुछ संभव है : विपिन डागर



गाजियाबाद, करंट क्राइम। भौपुरा मंडल अध्यक्ष विपिन डागर के नेतृत्व में गुरुवार को वार्ड 5 एवं 10 की पार्षद रेखा गोस्वामी, पिंकी देवी भौपुरी मंडल /मोर्चे एवं देवतुल्य कार्यकर्ता भाजपा में दिल्ली सरकार के शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपने कार्यकर्ता होने के कर्तव्य का निर्वहन किया। इस मौके पर विपिन डागर ने कहा कि भाजपा है तो सब कुछ संभव है। सैन राजकुमार चंदेला-उपाध्यक्ष भौपुरा मंडल भाजपा उदयवीर सिंह (भोला), जितेन्द्र सैन, राहुल पंडित, संदीप जाटव, देवीराम कसाना, आशीष भारद्वाज, पुषपेंदर चौधरी, चौधरी कृपाल सिंह उपस्थित रहे।

# तिब्बती कार्यकर्ता ने सुनाई आपबीती, कहा- चीन में विरोध प्रदर्शन करने पर मिलती हैं क्रूर यातनाएं

**जिनेवा ।** मानवाधिकार और लोकतंत्र के लिए 17वें जिनेवा शिखर सम्मेलन-2025 में वक्ताओं ने चीन, रूस, सऊदी अरब, बेलारूस, हांगकांग, वियतनाम और ईरान में मोषवाधिकारों के उल्लंघन पर प्रकाश डालो। यह सम्मेलन सेंटर इंटरनेशनल डी कॉन्फ्रेंस जिनेवा (सीआईसीजी) में चल रहा है। केंद्रीय तिब्बत प्रशासन (सीटीए) की एक रिपोर्ट के अनुसार, नामकी ने चीनी सरकार द्वारा सताए जाने के अपने दर्दनाक अनुभवों को बताते हुए कहा, 21 अक्तूबर, 2015 को जब वह और उनके चचेरे भाई तेनजिन डोलमा ने नगाबा काउंटी के शहीद चौक पर विरोध प्रदर्शन किया तब 10 मिनट बाद ही पुलिस अफसरों का समूह हम पर टूट पड़ा। उन्होंने जबरदस्ती हमारे हाथों से पोस्टर-बैनर छीन लिए और हमें हथकड़ी लगाकर आवाजें दबा दीं। हम तिब्बत में वापसी व उसकी आजादी का आह्वान कर र रहे थे। इसके बाद भयानक यातनाओं का दौर शुरू हुआ।




**चीनी अत्याचारों को लेकर तिब्बती कार्यकर्ता व पूर्व राजनीतिक कैदी नामकी ने उसे सताए जाने के भयावह अनुभवों का जिक्र भी किया। उन्हें चीन में कैद के दौरान भयानक यातनाएं झेलना पड़ीं**

**तेज गर्मी के बीच नींद न लेने को मजबूर किया :** सीटीए रिपोर्ट से पता चला कि दोनों को शुरूआत में नगाबा काउंटी हिरासत केंद्र में रखने के बाद आधी रात को बरखम हिरासत केंद्र में ले जाया गया। नामकी को कैद के दौरान 150 डिग्री तापमान की तेज गर्मी का जोखिम उठाना पड़ा, उसे नींद नहीं लेने दी गई। पुरुष अधिकारियों ने उसे मारा, लात मारी और थप्पड़ मारे और उस पर मनोवैज्ञानिक दबाव भी बनाया। उन्हें नस्ली भेदभाव के बीच अनिवार्य सैन्य प्रशिक्षण देकर चीनी कानूनों और देशभक्ति शिक्षा का अध्ययन करने के लिए मजबूर किया गया। रिहा होने के बाद भी मुझे परेशान किया।

**मुक्त तिब्बत के लिए ताइपे में साइकल रैली :** ताइपे। तिब्बत के लिए एकजुटता दिखाने के मकसद से 'मुक्त तिब्बत के लिए साइकिलिंग' अभियान के तीसरे दौर के लिए कार्यकर्ता एक साथ आए।

मानवाधिकारों के हनन की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए तिब्बत-ताइवान मानवाधिकार गठबंधन ने एक कार्यक्रम में साइकल सवारी कर तिब्बती आजादी के लिए रैली निकाली।

## अमेरिका में ठंड का कहर, तूफान के चलते कई इलाकों में भारी बर्फबारी, 5600 से ज्यादा हवाई सेवाएं प्रभावित

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के कई इलाकों में ठंड का कहर जारी है। बुधवार को उत्तरी कैरोलिना और वर्जीनिया के कुछ हिस्सों में तूफान आया, जिसकी वजह से भारी बर्फबारी हुई। बर्फबारी के चलते सड़कों पर सैंकड़ों दुर्घटनाएं रिपोर्ट हुईं। फिलहाल अधिकारियों ने हालात को देखते हुए लोगों को घरों के भीतर ही रहने की सलाह दी है। अमेरिका के टेनेसी और ओहायो में पहले से ही ठंड का कहर जारी है। गौरतलब है कि टेनेसी और ओहायो पहले ही बाढ़ की समस्या से जूझ रहे हैं, अब ठंड ने लोगों की परेशानी को कई गुना बढ़ा दिया है।



अमेरिका के राष्ट्रीय मौसम सेवा विभाग ने आशंका जताई है कि गुरुवार को वर्जीनिया से अटलांटिक तट तक 25 सेंटीमीटर तक बर्फबारी होने की आशंका है। पूर्वी उत्तरी कैरोलिना में भी भारी बर्फबारी का अनुमान है। वर्जीनिया के हैंप्टन रोड्स क्षेत्र और उत्तर पूर्वी कैरोलिना में प्रति घंटे पांच सेंटीमीटर तक बर्फबारी हुई है। गुरुवार सुबह और भारी बर्फबारी की आशंका है। वर्जीनिया स्टेट पुलिस ने बताया कि बुधवार दोपहर तक 275 दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें कम से कम दो दर्जन लोग घायल हुए हैं। दुर्घटनाओं के चलते उत्तरी कैरोलिना में भी कुछ हिस्से बंद कर दिए गए हैं। फ्लाइट-ट्रैकिंग साइट फ्लाइटअवेयर डॉट कॉम के अनुसार, पूरे अमेरिका में लगभग 5,600 उड़ानें रद्द या उनमें देरी हुई। इनमें उत्तरी कैरोलिना के चार्लोट डगलस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने-जाने वाली 400 से अधिक उड़ानें शामिल हैं।

### वर्जीनिया में तूफान के बाद आपातकाल के हालात

दूसरी ओर, ध्रुवीय भंवर ने मोंटाना से दक्षिणी टेक्सास तक के तापमान में भारी गिरावट ला दी। गौरतलब है कि कई ऐसे इलाकों में बर्फबारी हुई है, जहां आमतौर पर सर्दियों के मौसम में बर्फ नहीं पड़ती। ऐसे में लोगों ने इस पर हैरानी भी जताई है।

## पनामा के होटल में फंसे 300 लोगों में सबसे ज्यादा भारत-नेपाल जैसे देशों के लोग, खिड़की से मांग रहे मदद

**पनामा सिटी ।** अमेरिका से निर्वासन और घर न पहुंच पाने की अनिश्चितता के साथ-साथ तमाम दिक्कतों से जूझ रहे 300 लोग पनामा के एक होटल में फंसे हुए हैं। इन 300 लोगों में सबसे ज्यादा भारतीय और नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और चीन नागरिक हैं। ये सभी वहां तब तक रहेंगे, जब तक उनकी वापसी की व्यवस्था नहीं हो जाती, इसके साथ ही उन्हें होटल से बाहर जाने की अनुमति नहीं मिली है। अधिकारियों के अनुसार, 40% से ज्यादा प्रवासी अपने देश लौटने के लिए तैयार नहीं हैं।

होटल में बंद सभी प्रवासियों की हालत काफी दयनीय है, इसका पता इससे चलता है कि होटल में फंसे लोग खिड़कियों पर संदेश लिखकर मदद की गुहार लगा रहे हैं। पनामा के होटल से कई तस्वीरें सामने आई है, जिसमें लोग हाथों में सादे कागज पर- मदद करें और हम अपने देश में सुरक्षित नहीं हैं, लिख कर खड़े हैं।



### इन 10 एशियाई देशों के हैं 300 प्रवासी

जानकारी के मुताबिक, सभी प्रवासी 10 एशियाई देशों से आए हैं, जिसमें ईरान, भारत, नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और चीन के लोग शामिल हैं। अमेरिका के लिए इन देशों में सीधा निर्वासन करना मुश्किल है, इसलिए पनामा को एक ठहराव के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

**प्रवासियों को दी जा रही बुनियादी सुविधाएं :** इधर पनामा के सुरक्षा मंत्री फ्रैंक एब्रेगो ने दावा किया है कि, सभी प्रवासियों चिकित्सा सुविधा और खाना मिल रहा है। यह पूरी व्यवस्था अमेरिका और पनामा के बीच हुए एक समझौते के तहत हो रही है। अमेरिका इस पूरे ऑपरेशन का खर्च उठा रहा है। वहीं पनामा के राष्ट्रपति जोसे राउल मुलिनो, जो ट्रंप की पनामा नहर पर नियंत्रण को लेकर दी गई धमकियों के कारण राजनीतिक दबाव में हैं, ने पिछले गुरुवार को पहली डिपोर्टेशन फ्लाइट के आने की घोषणा की थी।

अपने देशों को लौटने के लिए तैयार प्रवासी रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 300 लोगों में से 171 प्रवासी अंतरराष्ट्रीय संगठनों की मदद से अपने-अपने देशों को लौटने के लिए तैयार हो गए हैं।

## अदालत में पेश हुए दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून

**सियोल ।** महाभियोग झेल रहे दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल गुरुवार को दो अदालतों में पेश हुए। यून सुक योल के खिलाफ देश में आपातकाल लागू करने के मामले में सुनवाई चल रही है। साथ ही यून सुक योल ने उनके खिलाफ चल रही महाभियोग कार्रवाई को भी चुनौती दी है। एक मामला आपराधिक है और दूसरा महाभियोग से जुड़ा है। दोनों मामलों की सुनवाई अलग-अलग अदालत में चल रही है। गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच यून सुक योल को सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में पेश किया गया।



बीते साल दिसंबर में मार्शल लॉ लगाया था यून सुक योल ने बीते साल दिसंबर में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल ने देश में मार्शल लॉ लागू करने का एलान किया था। हालांकि जनता और विपक्ष के भारी विरोध के बाद कुछ घंटे बाद ही सरकार को अपना फैसला वापस लेना पड़ा था। राष्ट्रपति यून सुक योल ने दावा किया कि देश को उत्तर कोरिया और देश विरोधी ताकतों से खतरा है। हालांकि विपक्ष और जनता ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया। मार्शल लॉ लगाने के कुछ घंटे बाद ही हजारों लोग दक्षिण कोरियाई संसद के सामने इकट्ठा हो गए और मार्शल लॉ को लागू करने के फैसले को निरस्त करने की मांग की। भारी दबाव के बाद राष्ट्रपति को अपना फैसला वापस लेना पड़ा।

## लंदन हाईकोर्ट से माल्या को बड़ा झटका, सुनवाई स्थगित करने की अपील खारिज

**लंदन ।** भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या की इंग्लैंड की एक अदालत की ओर से जारी दिवालिया आदेश के खिलाफ दायर अपील पर इंग्लैंड की हाईकोर्ट से झटका लगा है। इंग्लैंड एंड वेल्स हाईकोर्ट के चेंचरी डिविजन के अपीलीय जज जस्टिस एंथनी मान ने माल्या की ओर से सुनवाई स्थगित करने का आवेदन ठुकरा दिया। माल्या खुद सुनवाई के लिए मौजूद नहीं थे, उनके वकीलों ने सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया था।



जस्टिस एंथनी ने भारत में मनी लॉन्ड्रिंग और बैंक फ्रॉड के मामलों में वांछित 69 वर्षीय शराब कारोबारी से जुड़ी कई अपीलों को सुनने का फैसला किया। इनमें से वह अपील भी शामिल हैं जिनमें भारतीय स्टेट बैंक के नेतृत्व में बैंकों के समूह ने विजय माल्या की बंद हो चुकी एयरलाइन कंपनी किंगफिशर पर 1.05 अरब पाउंड के भुगतान की मांग की गई है।

जस्टिस एंथनी ने कहा, मुझे भारतीय सुनवाई के परिणाम तक कार्यवाही लंबित रखने का कोई कारण नहीं दिखता। अपील का महत्वपूर्ण समय पहले भी बर्बाद हो चुका है। उन्होंने मामले में माल्या की ओर नए सबूत पेश करने के अनुरोध को भी खारिज कर दिया। इन सबूतों में संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का वह बयान भी शामिल है कि माल्या की संपत्तियों से सरकारी बैंकों को 14131 करोड़ रुपये मिल चुके हैं।

**सुनवाई में दिवालियापन कार्यवाही के खिलाफ की गई अपीलों पर हुई चर्चा :** जस्टिस मान मुख्य दिवाला और कंपनी न्यायालय (क्छउ) के न्यायाधीश माइकल ब्रिग्स के एक फैसले से संबंधित अपीलों की सुनवाई कर रहे हैं, जो लगभग छह साल पहले माल्या के खिलाफ बैंकों द्वारा शुरू की गई दिवालियापन कार्यवाही के संदर्भ में दिया गया था। सुनवाई में मुख्यतः दिवालियापन कार्यवाही के खिलाफ की गई अपीलों पर चर्चा की गई। माल्या का तर्क था कि भारतीय कानून के एक सिद्धांत के कारण बैंकों को उनकी संपत्तियों पर सुरक्षा रखने से रोका गया।

### ब्रिटेन में जमानत पर हैं विजय माल्या

इस सप्ताह की सुनवाई के दौरान दो और अपीलों पर भी चर्चा होगी। इस बीच, माल्या ब्रिटेन में जमानत पर हैं, जबकि उनका एक 'गोपनीय' कानूनी मामला चल रहा है, जो शरण आवेदन से संबंधित है। माल्या यह तर्क करते रहे हैं कि भारतीय बैंक उनके खिलाफ एक ही ऋण का पीछा कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक और अन्य बैंकों का मामला मई 2018 से चल रहा है, जिसके बाद कई सुनवाई हुईं और अंततः 26 जुलाई, 2021 को माल्या के खिलाफ दिवालियापन आदेश जारी किया गया।

## खगोलविदों का कमाल: आकाशगंगा में खोजे 18 नए पुच्छल तारे

**नई दिल्ली ।** वेस्ट वर्जीनिया यूनिवर्सिटी और अन्य खगोलविदों ने एओ 327-मेगाहट्र्ज ड्रिफ्ट सर्वे के तहत एरेसिबो वेधशाला (एओ) का उपयोग करते हुए आकाशगंगा में 18 नए पुच्छल तारों (पल्सर) की खोज की है। ये अत्यधिक चुंबकीय और घूर्णनशील न्यूट्रॉन तारे होते हैं जो विद्युत चुम्बकीय विकिरण की किरणें उत्सर्जित करते हैं। ये अक्सर रेडियो तरंगों के रूप में देखे जाते हैं। हालांकि कुछ को ऑप्टिकल, एक्स-रे और गामा-रे दूरबीनों से भी देखा जा सकता है ।चमकते हुए खगोलीय पिंड जिनकी पूंछ होती है उन्हें पुच्छल तारा कहते हैं।



इन्हें धूमकेतु भी कहा जाता है। ये बर्फ, धूल और चट्टानों से बने होते हैं। ये सूर्य के चारों ओर दीर्घवृत्ताकार पथ पर घूमते हैं। एओ 327 सर्वे 327 मेगाहट्र्ज फ्रीक्वेंसी पर एरेसिबो टेलीस्कोप का उपयोग करके किया गया था। यह 2010 में शुरू हुआ और दिसंबर 2020 में पूरा हुआ। इसका उद्देश्य पूरे एरेसिबो आकाश में (झुकाव -1 से 38 डिग्री के बीच) पल्सर और रेडियो ट्रांजिएंट्स की खोज करना था। अध्ययन में कहा गया है कि एओ 327 सर्वेक्षण से मिलने वाले ये अंतिम पुच्छल तारे हैं, जिनका एरेसिबो वेधशाला के माध्यम से अध्ययन किया जा सकता है। यह अध्ययन प्री-प्रिंट सर्वर जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

## कार्यक्रम में हाइड्रोजन गैस के गुब्बारे फटने के केस में भारतीय गिरफ्तार, डिप्टी-पीएम पौडेल हुए थे घायल

**काठमांडू ।** नेपाल में एक भारतीय नागरिक को पर्यटन से जुड़े कार्यक्रम 'विजिट पोखरा वर्ष 2025' में हुई घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। घटना में उप-प्रधानमंत्री बिष्णु पौडेल मामूली रूप से घायल गए थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपी कमलेश कुमार गुब्बारों में हाइड्रोजन गैस भरने के लिए जिम्मेदार था। गुब्बारे 15 फरवरी को उद्घाटन के दौरान फट गए थे।



नेपाल पुलिस ने एक कार्यक्रम के दौरान उपप्रधानमंत्री विष्णु पौडेल के मामूली रूप से झुलसने के सिलसिले में एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक कमलेश कुमार ने बताया कि 'विजिट पोखरा ईयर 2025' के उद्घाटन के दौरान गुब्बारे में हाइड्रोजन गैस भरने के लिए जिम्मेदार 41 वर्षीय कमलेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। कब और कैसे हुआ था हादसा? दरअसल, 15 फरवरी को उपप्रधान मंत्री पौडेल और पोखरा मेट्रोपॉलिटन सिटी के महापौर धनराज आचार्य ने समारोह के दौरान एक इलेक्ट्रिक स्विच से मोमबत्तियां जलाकर हाइड्रोजन गैस से भरे गुब्बारे छोड़े थे, जिनमें से कुछ गुब्बारों के फटने से वे घायल हो गए थे। पौडेल और आचार्य के हाथ व चेहरे पर चोट आई थी। पुलिस के मुताबिक, मोमबत्तियां बहुत करीब लगी होने के कारण गुब्बारों में आग लग गई।

**गृह मंत्री रमेश लेखक ने एक जांच समिति का गठन किया था :** डीएसपी शर्मा ने कहा कि कुमार के खिलाफ कास्की जिला अदालत में मामला दर्ज किया गया है। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, पौडेल को काठमांडू के कीर्तिपुर बर्न अस्पताल में इलाज के बाद सोमवार को छुट्टी दे दी गई, जबकि आचार्य कुछ और दिन तक चिकित्सकीय देखरेख में रहेंगे। घटना के तुरंत बाद गृह मंत्री रमेश लेखक ने एक जांच समिति का गठन किया था।

# हमास ने चार इस्राइली बंधकों के शव सौंपे

## इनमें मां और उसके दो छोटे बच्चों के शव भी शामिल

**तेल अवीव ।** हमास ने गुरुवार को चार इस्राइली बंधकों के शव इस्राइली सेना को सौंप दिए। इनमें एक मां और उसके दो छोटे बच्चों के शव भी शामिल हैं। इनमें से एक बच्चा जब 7 अक्तूबर 2023 के दिन अगवा किया गया था, उस समय वह सिर्फ नौ महीने का था और वह बंधकों में सबसे छोटा था। जिन बंधकों के शव इस्राइल को सौंपे गए, उनमें शिरी बिबास, उनके दो बच्चे एरियल बिबास और कफिर बिबास और ओडेड लिफसिट्ज के शव शामिल हैं।





**हमास का दावा- इस्राइली हवाई हमले में गई तीन बंधकों की जान :** हमास ने बीते साल नवंबर में ही दावा कर दिया था कि शिरी बिबास और उनके दोनों बच्चे इस्राइली हवाई हमले में मारे गए। हालांकि इस्राइल ने हमास के इस दावे को नहीं माना था। हमास के आतंकियों ने 7 अक्तूबर के हमले के दौरान पूरे बिबास परिवार को अगवा किया था। शिरी बिबास के पति यार्डेन बिबास को बीते दिनों ही हमास ने रिहा किया है। बिबास परिवार के सदस्यों के शव वापस आने पर इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि 'इससे पूरे इस्राइल का दिल टूट गया है'। शनिवार को हमास द्वारा छह इस्राइली बंधकों को भी रिहा किया जाएगा। इसके बदले में इस्राइल भी सैंकड़ों फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा।

ओडेड लिफशिट्ज, जिनका शव भी आज आईडीएफ को सौंपा गया, उन्हें और उनकी पत्नी को 7 अक्तूबर 2023 को किबुत्ज नीर ओज से अगवा किया गया था। जब ओडेड को अगवा किया गया था, उस वक्त उनकी उम्र 83 साल थी। उल्लेखनीय है कि ओडेड पत्रकार थे और वे फलस्तीनियों को भी अधिकार देने और शांति के मुखर पक्षधर थे।

**दूसरे चरण के युद्धविराम समझौते पर अटक सकती है बात:** पहले चरण के युद्धविराम समझौते के तहत 24 जीवित बंधक इस्राइल लौटे हैं। हालांकि बिबास परिवार के शव मिलने से इस्राइल में शोक की लहर और गुस्सा है। आशंका है कि इससे दूसरे चरण के युद्धविराम समझौते के लिए खतरा पैदा हो गया है क्योंकि दोनों पक्षों में दूसरे चरण के समझौते के लिए अभी बातचीत चल रही है और इस्राइल ने संकेत दिए हैं कि वह युद्ध फिर से शुरू कर सकता है। हमास ने 7 अक्तूबर 2023 के दिन करीब 251 इस्राइली नागरिकों को बंधक बनाया था, जिनमें से 30 के करीब बच्चे थे। हमास के हमले में इस्राइल के 1200 लोग मारे गए थे। पहले चरण के युद्धविराम के बाद भी हमास की कैद में करीब 60 बंधक रह जाएंगे, जिनमें से माना जा रहा है ।

## जेलेंस्की ने पुतिन को लेकर दुनिया को चेताया, ट्रंप के तानाशाह वाले बयान पर यूक्रेन के साथ जर्मनी-यूके

**कीव ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की को 'तानाशाह' कहे जाने पर यूरोप और यूक्रेन में खासी नाराजगी देखी जा रही है। इस बयान के बाद जेलेंस्की ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को लेकर दुनिया को चेताया है, उन्होंने कहा कि दुनिया के सामने अब दो ही विकल्प हैं—या तो वे पुतिन के साथ खड़े हों या शांति के साथ। अमेरिका से सकारात्मक सहयोग की उम्मीद- जेलेंस्की बुधवार को अपने वीडियो संबोधन में वोलोडिमिर जेलेंस्की ने ट्रंप की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'भविष्य पुतिन के साथ नहीं, बल्कि शांति के साथ है। यह पूरी दुनिया के लिए एक चुनाव है—या तो वे पुतिन के साथ होंगे या शांति के साथ। हमें शांति को चुनना चाहिए।' वोलोडिमिर जेलेंस्की ने यह भी कहा कि वे गुरुवार को अमेरिकी दूत कीथ केलॉग से मुलाकात करेंगे और अमेरिका के साथ सकारात्मक सहयोग की उम्मीद रखते हैं। ब्रिटेन ने दिया यूक्रेन को समर्थन वहीं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने जेलेंस्की को अपना समर्थन दिया और कहा कि यूक्रेन में युद्ध के कारण चुनाव नहीं कराना पूरी तरह से उचित है। उन्होंने आगे कहा, 'युद्ध के दौरान चुनाव न कराने का फैसला यूक्रेन का लोकतांत्रिक अधिकार है, जैसे ब्रिटेन ने द्वितीय विश्व युद्ध के समय किया था।' स्टार्मर ने यह भी कहा कि अमेरिका और यूरोप को एकजुट होकर यूक्रेन के समर्थन में काम करना चाहिए। ट्रंप के बयान पर जर्मनी की कड़ी प्रतिक्रिया इधर जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की टिप्पणी को 'गलत और खतरनाक' बताया।



# मेगा एग्जिबिशन 'राइज इन इंडिया' का केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं डॉ. अनिल अग्रवाल ने किया शुभारंभ

## प्रदर्शनी तीन दिन तक रहेगी जारी, प्रदर्शनी को देखने के लिए कोई शुल्क नहीं











**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से अमृतकाल के अंतर्गत गाज़ियाबाद में पाँचवीं बार मेगा एग्जिबिशन 'राइज इन इंडिया 2025' का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ गुरुवार को मेरठ रोड स्थित एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और गाजियाबाद से पूर्व राज्य सभा सांसद एवं एचआरआईटी यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ अनिल अग्रवाल द्वारा किया गया।

### पीएम मोदी की अगुवाई में देश शिखर पर जा रहा है : संजय सेठ



करंट क्राइम। केंद्रीय रक्षा मंत्री संजय सेठ को वहां मौजूद बच्चों के साथ सेल्फी खिंचवाई। प्रदर्शनी के हर स्टाल पर जाकर जानकारी ली व वहां सभी को संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधान मंत्री द्वारा बनाई गई सभी योजनाएं आज देश के हर नागरिक तक पारदर्शी रूप से पहुंच रही है और देश इससे लाभान्वित हो रहा है। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि इतनी तो विश्व में किसी लोकतांत्रिक देशों की आबादी नहीं है जितनी भारत में लोगों ने कुंभ स्नान का पुण्य प्राप्त किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा विगत 11 वर्षों से सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत को प्रमुखता से आगे बढ़ाते हुए देश का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है।

### आज पूरा विश्व भारत की ओर टकटकी लगाए देख रहा है : डॉ. अनिल अग्रवाल



**करंट क्राइम।** डॉ. अनिल अग्रवाल ने कहा कि भारत हर क्षेत्र मे आत्मनिर्भर हो रहा है। आज संपूर्ण विश्व भारत की ओर देख रहा है वह अनुकरणीय है। प्रधान मंत्री के कुशल मार्गदर्शन में ही यह संभव हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी के विजन से जन जन तक विकास पहुंचा है, अंतोदय के लक्ष्य को पूरा करने का काम इस सरकार ने किया है। यही सब कार्य प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित करने का काम 'राइज इन इंडिया 2025' से किया जा रहा है। आज हर तरफ विकास हो रहा है। भारत को संवारने का काम भी केंद्र व राज्य सरकार द्वारा निरंतर जारी है। उत्तर प्रदेश के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा जहाँ हर संभव मदद दी जा रही है व देश-प्रदेश का विकास हो, हर नागरिक तक विकास पहुंचे इस प्रदर्शनी का उद्देश्य है। गाज़ियाबाद के युवाओं को इस प्रदर्शनी का अवलोकन कर अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। यह हम सब का सौभाग्य है कि इस प्रकार की प्रदर्शनी गाज़ियाबाद में आयोजित की जा रही है जिससे युवाओं को अत्यंत लाभ होगा।

### राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के लगभग 60 संस्थान प्रस्तुत करेंगे अपनी उपलब्धियां

**करंट क्राइम।** इसके अंतर्गत राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के लगभग 60 संस्थान अपनी उपलब्धियों को गाज़ियाबाद में प्रदर्शित कर रहे हैं। विभाग जैसे कि डीआरडीओ, इसरो ,जीएसआई, सीएसआईआर, एनएफएल , आई॰सी॰ए॰आर॰, जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, टूरिज्म मंत्रालय, डीसी हैंडिक्राफ़्ट, आयुष मंत्रालय, आईसीएमआर, बीआईएस, एनटीपीसी, युपेडा, एलिम्को, टी बोर्ड,कृभको, जेम, सिपेट, सेंट्रल सिल्क बोर्ड, नीलिट, डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी इसमें भाग ले रहे है। इसके अंतर्गत 20 से 22 फरवरी को गाज़ियाबाद के कई स्कूल एवं कॉलेज के हजारों विद्यार्थी विभिन्न संस्थानों की प्रदर्शनी देख कर लाभान्वित होंगे। प्रदर्शनी सभी आयु वर्ग के लिए हैं। सभी इसे निशुल्क देख सकते हैं। इस प्रदर्शनी में मुख्य रूप से इसरो, डीआरडीओ, जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया , डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी आयुष मंत्रालय आदि संस्थानों के द्वारा पिछले वर्षों में प्राप्त की गई उपलब्धियां से संबंधित प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया गया है जिसमें उपरोक्त संस्थानों के वैज्ञानिक भी उपस्थित है। विकसित भारत के अंतर्गत भारत विभिन्न क्षेत्रों में विगत वर्षों में जितनी प्रगति कर रहा है उन सभी का प्रदर्शन संस्थान के माध्यम से तीन दिन में किया जा रहा हैं।

### मेगा एग्जीबिशन में गणमान्य लोग मौजूद रहे



**करंट क्राइम।** उद्घाटन के मौके पर रक्षा राज्य मंत्री की धर्मपत्नी नीता सेठ, पूर्व सांसद की धर्मपत्नी दीपांजलि अग्रवाल, एच आर आई टी यूनिवर्सिटी प्रो चांसलर अंजुल अग्रवाल, डीपीएस एचआरआईटी डायरेक्टर वैशाली अग्रवाल, वाइस चांसलर डी के शर्मा, डॉ अनिल त्यागी, डॉ आयु जैन, डॉ अजय कुमार मिश्रा, डॉ एम के जैन, डॉ नवनीत शर्मा, डॉ निर्दोष अग्रवाल, डॉ धर्मेंद्र कुमार, वरुण त्यागी, डॉ लल्लन त्रिपाठी, डॉ सी एन सिन्हा, डॉ अलका बंसल, राजकुमार तेवतिया, डॉ एकलव्य, डॉ आशीष कुमार, मास्टर अमरदत्त शर्मा, विजय मोहन, देवेंद्र हितकारी, वीके अग्रवाल, बी के शर्मा हनुमान, नितिन गोयल, संजय तिवारी, विवेक प्रकाश गर्ग एवं भारतीय खाद्य निगम सदस्य एवं पूर्व सांसद मीडिया सलाहकार राहुल गोयल उपस्थित रहे।

### विकास की नई दास्तां लिखेगा उत्तर प्रदेश : आयुष त्यागी काकड़ा



गाजियाबाद, करंट क्राइम। योगी आदित्यनाथ की सरकार ने उत्तर प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए एक ऐतिहासिक बजट पेश किया है। 8.10 लाख करोड़ रुपये के इस बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 2500 रुपए प्रतिमाह की योजना, किसानों के लिए नई कृषि योजनाएं, शिक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक 55% वृद्धि और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ, यह बजट उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। योगी सरकार का यह बजट सबका साथ, सबका विकास, और सबका विश्वास का सच्चा उदाहरण है।

### विकास, आत्मनिर्भरता और संभावनाओं की नई उड़ान भरता बजट : डॉ. रुद्रेश पांडे



गाजियाबाद, करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025.26 के लिए 7.36 लाख करोड़ रुपए का ऐतिहासिक बजट पेश किया है, जो राज्य को विकासोन्मुखी, समावेशी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह बजट बुनियादी ढांचे, कृषि, उद्यमशीलता और पर्यटन को प्राथमिकता देता है, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

राज्य बजट और केंद्रीय बजट की भूमिका : केंद्रीय बजट राष्ट्रीय नीतियों और संसाधनों के वितरण पर केंद्रित होता है, जबकि राज्य बजट स्थानीय जरूरतों को पूरा करता है। उत्तर प्रदेश, जिसकी अर्थव्यवस्था कई देशों से बड़ी है, अपने बजट के माध्यम से शिक्षाए बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। यह इसे महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे औद्योगिक रूप से समृद्ध राज्यों की कतार में खड़ा कर सकता है। यह बजट केवल योजनाओं का संकलन नहीं, बल्कि एक विजन डॉक्युमेंट है, जो उत्तर प्रदेश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी स्थान दिलाने की दिशा में एक ठोस कदम है। यदि इन योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया गया, तो उत्तर प्रदेश न केवल औद्योगिक और व्यापारिक क्षेत्र में शीर्ष पर पहुंचेगा, बल्कि एक आत्मनिर्भर राज्य के रूप में नई पहचान बनाएगा।

### उत्तर प्रदेश को आगे ले जाने वाला बजट : सुभाष गर्ग



गाजियाबाद, करंट क्राइम। यूपी सरकार ने इस बजट में युवाओं को लुभाने के लिए कई घोषणाएं की हैं। युवाओं को नौकरियों के साथ स्टार्टअप और उद्योग के लिए ब्याजमुक्त लोन देने का प्रवाधान किया गया है। साथ ही छात्राओं को स्कूटी देने का प्रावधान किया गया है। साथ ही प्रदेश में यातायात को सुगम करने के लिए चार नए एक्सप्रेसवे का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा राजकीय एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/चिकित्सा संस्थानों/विश्वविद्यालयों स्थापित करने के लिए भी बजट में व्यवस्था की गई है। इस बजट से बेरोजगारी पर काफी प्रभाव पड़ेगा, ब्याज मुक्त लोन से व्यापार को बढ़ावा मिलेगा जिससे लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

## पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने किया वार्ड 72 में गंगा वाटर लाइन का शुभारंभ



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड 72 के पार्षद कुसुम मनोज गोयल द्वारा गुरुवार को सेक्टर 1 वैशाली नील पदम कुंज सोसायटी को गंगा वॉटर मिले इसके लिए नगर निगम से इस अपार्टमेंट को गंगा वाटर की लाइन डलवाने के कार्य का शुभारंभ कराया गया। इस अवसर पर समाजसेवी राजकुमार अग्रवाल दीपक बहल द्वारा नारियल फोड़कर इस कार्य का शुभारंभ किया गया काफी लंबे समय से यहां के लोगों द्वारा गंगा वाटर की मांग की जा रही थी जिसके लिए क्षेत्रीय पार्षद के प्रयासों से यह कार्य हो पाया इसके लिए पार्षद द्वारा महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का धन्यवाद किया गया। पार्षद द्वारा दिल्ली में रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष अंशुल का संजू दादरू बृज कृष्ण रेखा गुप्ता एसके वर्मा दीपा बिष्ट चरणजीत सिंह कोहली त्रिलोक अरविंद थापर वीरेंद्र सारस्वत अमित धार बीके तिवारी केपी मिश्रा वीर सिंह चौहान सहीत अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### योगी सरकार ने बढ़ाया विकास की ओर एक और कदम : हिमांशु लव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट स्कूली छात्राओं के लिए और विकास की तरफ बढ़ोतरी का बजट है। बजट में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने जो बजट पेश किया है वह सराहनीय है। आने वाले समय में उत्तर प्रदेश एक विकसित प्रदेश होगा। उत्तर प्रदेश में आने वाले वर्षों में बहुत से उद्योग और आईटी का उत्तर प्रदेश हब बन जाएगा। यह बजट किसानों के लिए भी लाभदायक बजट है। आने वाले दिनों में मथुरा वृंदावन श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर सनातन धर्म के विकास की ओर एक कदम होगा। आने वाले समय में उत्तर प्रदेश पर्यटन की दृष्टि से भी उत्तम प्रदेश माना जाएगा।

### उत्तर प्रदेश में विकास के नये कीर्तिमान बनाएगा सर्वस्पर्शी बजट : एस पी सिंह




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अल्पसंख्यक आयोग उ० प्र० के पूर्व सदस्य सरदार एस पी सिंह ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक सर्वस्पर्शी बजट है और प्रदेश के विकास में नये आयाम स्थापित कराएगा। प्रदेश में चार नये एक्सप्रेसवे का निर्माण, अपेक्षित छात्राओं को स्कूटी देना, युवाओं को ब्याजमुक्त लोन देना, युवा उद्यमी विकास, किसानों व महिलाओं को स्वावलंबी बनाना व टेक्सटाइल्स पार्क की स्थापना , सड़कों व राजमार्गों के विकास व चौड़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है । प्रदेश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए बजट में पर्याप्त प्रावधान किया गया है, इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ व वित्त मंत्री सुरेश खन्ना बधाई के पात्र हैं।

### विकास को नई दिशा देता बजट : इंद्रजीत सिंह टीटू



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपये का ऐतिहासिक बजट विधानसभा में पेश किया। यह उत्तर प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने इसे प्रदेश के आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए प्रस्तुत किया। इस बजट में समाज के प्रत्येक वर्ग के समावेशी विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। सरकार ने वृद्धजन, किसान, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन और अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए बजट आवंटित किया है। सरकार ने हर क्षेत्र को छूने का काम किया है। विकास की धारा में ग्रामीण सेतु निर्माण के लिए 1600 करोड़। युवा उद्यमी विकास अभियान के लिए 1000 करोड़। राजमार्गों के चौड़ीकरण के लिए 2900 करोड़। प्रदेश में नए फूलों के लिए 1450 करोड़। बाईपास रिंग रोड निर्माण के लिए 1200 करोड़। खड़ी विकास योजना के लिए 32 करोड़।

### प्रयागराज महाकुंभ में व्यवस्थाएं बहुत ही अच्छी हैं : अतुल जैन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष और टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉ.अतुल कुमार जैन को प्रयागराज महाकुंभ में गंगा स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । डॉ अतुल कुमार जैन ने बताया कि नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ की संपूर्ण व्यवस्थाएं बहुत ही अच्छी हैं वाहनों के संचालन सुचारु रूप से इस तरह किया जा रहा है कि जाम ना लगे पैदल जाने वाले लोगों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है बड़ी भारी संख्या में श्रद्धालू अभी भी लगातार स्नान के लिए प्रयागराज पधार रहे हैं। गंगा के जल की लगातार सफाई, श्रद्धालुओं की समुचित स्नान के लिए घाट, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम इत्यादि बहुत ही सराहनीय है। अतुल जैन ने आगे बताया कि संगम पर बहुत ही स्वच्छ जल है और सभी श्रद्धालु बड़ी ही आस्था से महाकुंभ का स्नान कर रहे हैं बड़े ही पुन्य के फल स्वरुप यह अवसर प्राप्त होता है आज मुझे भी अवसर प्राप्त हुआ बहुत अच्छे से स्नान हुआ बहुत ही आनंद रहा गंगा मैया की कृपा सभी पर बनी रहे।

## योगी सरकार का बजट जन कल्याणकारी : राम नरेश रावत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** योगी सरकार ने सभी वर्गों के साथ-साथ किसानों का भी ध्यान रखते हुए इस बजट की घोषणा की है। योगी सरकार सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं बजट में पेश की है। सरकार ने युवाओं के लिए बजट के रूप में एक संजीवनी देने का कार्य किया है, भाजपा सरकार जहां सबका विकास सबका साथ का नारा लेकर चल रही है, इस बजट ने उसको और आगे बढ़ाया है, युवाओं को और अधिक रोजगार इस बजट के माध्यम से मिलेंगे।

युवाओं को नौकरियों के साथ स्टार्टअप और उद्योग के लिए ब्याजमुक्त लोन देने का प्रावधान किया गया है। साथ ही छात्राओं को स्कूटी देने का प्रावधान किया गया है। साथ ही प्रदेश में यातायात को सुगम करने के लिए चार नए एक्सप्रेसवे का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा राजकीय एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/चिकित्सा संस्थानों/विश्वविद्यालयों स्थापित करने के लिए भी बजट में व्यवस्था की गई है। इस बजट से बेरोजगारी पर काफी प्रभाव पड़ेगा, ब्याज मुक्त लोन से व्यापार को बढ़ावा मिलेगा जिससे लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे. जो लोग अपना उद्योग लगाना चाहते हैं सरकार ने उनका ध्यान रखते हुए बिना ब्याज के लोन सुविधा कराकर सभी के लिए संजीवनी देने का कार्य किया है।

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया ने परिवार सहित महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने इस पल को फेसबुक पर साझा किया। अमृत स्नान के परम सौभाग्य की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।